हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 301, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 20 अप्रैल, 2022 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

पीएम मोदी ने दियोदर में बनास डेयरी प्लांट का किया लोकार्पण

पशुपालक महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा- बाबा बने हैं तो थोड़ा हिन्दी भी बोलना पड़ेगा

बनासकांठा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दूसरे दिन आज बनासकांठा जिले के दियोदर में बनास डेयरी के नवनिर्मित प्लांट समेत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। राज्य के पूर्व मंत्री शंकर चौधरी के साथ पीएम मोदी ने बनास डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया। इस मौके पर डेयरी में काम करने वाली महिलाओं ने पीएम मोदी की बलैया ली। पीएम मोदी ने पोटेटो प्रोसेसिंग और प्रोडक्ट यूनिट का ई लोकार्पण किया। यह दुनिया का पहला पोटेटो प्रोसेसिंग प्लांट है, जिसमें आलू टिक्की, फ्रेंच फ्राइज, बर्गर समेत 4 वस्तुएं बनेंगी। पीएम मोदी ने बनास गोबर गैस प्लांट और बायो सीएनजी स्टेशन धामा का ई लोकार्पण किया।

इसके अलावा खीमाणा, रतनपुर, राधनपुर और थावर समेत 4 गोबर प्लांट का भी ई लोकार्पण किया। इस अवसर पर महिला पशुपालकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आपसे क्षमा और अनुमति हो तो थोड़ा हिन्दी बोलना चाहता हूं। क्योंकि मीडिया के लोगों का अनुरोध है। अब बाबा बने हैं तो थोड़ा हिन्दी बोलना पड़ेगा। मां नडेश्वरी और मां अंबाजी की पावन भूमि को शत शत नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि शायद जीवन में पहली बार ऐसा अवसर आया है, जब एक साथ दो लाख से अधिक माताएं और बहनें आशीर्वाद देने आई हैं। जब वे मेरी बलैया ले रही थीं, तब अपने मन को रोक नहीं पाया। यह आशीर्वाद मेरे लिए अनमोल है और मैं बनास की सभी माता और बहनों को आदर पूर्वक नमन करता हूं। पिछले दो घंटों में यहां मैं कई जगह गया। सरकारी योजना की लाभार्थी महिलाओं के साथ भी बातचीत की और प्लांट का दौरा भी किया। इस दौरान मैंने जो भी देखा उससे काफी प्रभावित हूं। भारत में गांव की अर्थ व्यवस्था और माता-बहनों के सशक्तिकरण को किस प्रकार बल दिया जाए। सरकार किस प्रकार आत्मनिर्भर भारत अभियान को ताकत दे, इन सबका यहां

प्रत्यक्ष अनुभव हुआ है। कुछ महीने पहले मुझे बनारस में बनास काशी परिसर के शिलान्यास के अवसर मिला था। इसके लिए मैं बनास डेयरी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिसने मेरे निर्वाचन क्षेत्र में आकर वहां के किसानों की सेवा करने का संकल्प किया है। काशी का सांसद होने के नाते मैं आपका ऋण हूं और खासकर बनास डेयरी का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बनास डेयरी प्लांट के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने से कई गुनी खुशी बढ़ गई है। आज यहां जो भी लोकार्पण और शिलान्यास किए हैं, वह भविष्य निर्माण के उत्तम उदाहरण हैं। बनास डेयरी के चीज और व्हे प्लांट इत्यादि डेयरी सेक्टर के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं, परंतु बनास डेयरी ने तो यह भी साबित कर दिया है कि स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने के लिए अन्य संसाधनों का भी उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आलू और दूध कोई लेना-देना नहीं है, परंतु बनास डेयरी ने यह संबंध भी जोड़ दिया है।

दूध, छांछ, दही, पनीर, चीज, आईस्क्रीम के साथ ही आलू टिक्की, आलू वेज, फ्रेंच फ्राइज जैसे उत्पादनों में भी बनास डेयरी के किसानों ने अपना सामर्थ्य दिखाया है। यह भारत के लोकल को ग्लॉबल बनने की दिशा में एक अच्छा कदम है। बनासकांठा जैसे कम बारिश वाले जिले की ताकत कांकरेज गाय, मेहसाणी भैंस और यहां के आलू के जरिए यहां के किसानों का भाग्य कैसे बदला जा सकता है यह आज हम बनासकांठा में देख सकते हैं। बनास डेयरी तो किसानों को आलू के अच्छे बीज उपलब्ध कराती है और उसके अच्छे भाव भी देती है। आलू किसानों के लिए करोड़ों रुपए की कमाई का एक साधन बन गया है। जो केवल आलू तक सीमित नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने लगातार स्वीट रिवॉल्यूशन की बात की है। शहद के जरिए किसानों की अतिरिक्त कमाई हो इसका आह्वान किया है, जिसे बनास डेयरी ने गंभीरता से अपनाया है। मुझे यह जानकर भी खुशी हुई है बनास डेयरी यहां मूंगफली और सरसव को लेकर भी योजना बनाई है और तेल संयंत्र लगाने जा रही है।

गौतम अडानी ने अंबानी को पछाड़ा, इस साल 10 गुना बढ़ी संपत्ति

नई दिल्ली। कारोबारी दुनिया में बड़ा उलटफेर करते हुए अडानी ग्रुप के मुखिया गौतम अडानी की संपत्ति में सोमवार को 2. 04 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। वह भी तब जब शेयर बाजार औंधेमुंह गिरे थे। इस बढ़ोतरी के साथ अडानी और अंबानी के बीच चल रही दौलत की रेस में अब अडानी काफी आगे निकल आए हैं। दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में अडानी छठे नंबर पर हैं और अब वह वॉरेन बफेट से महज 5 अरब डॉलर दूर हैं। अडानी की संपत्ति अगर ऐसे ही बढ़ती रही तो अगले तीन दिन में वह वॉरेन बफ्फेट को पछाड़कर 5वें नंबर पर पहुंच जाएंगे। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के ताजे आंकड़ों के मुताबिक गौतम अडानी की संपत्ति इस साल अब तक 43.9 अरब डॉलर बढ़ चुकी है। वहीं इस दौरान दुनिया के सबसे बड़े रईस और लिस्ट में नंबर वन पोजीशन पर काबिज एलन मस्क के नेटवर्थ में 15 अरब डॉलर की कमी आई है। इसके बावजदू वह 255 अरब डॉलर के साथ पहले नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर जेफ बेजोस हैं, जिनकी संपत्ति इस साल अब तक 15.1 अरब डॉलर कम हुई है। इस साल सबसे ज्यादा नुकसान बर्नार्ड अर्नाल्ट को हुआ है। वह 35.4 अरब डॉलर गंवाकर 143 अरब डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर है। बिल गेट्स की संपत्ति में भी इस साल अब तक 8.6 अरब डॉलर की सेंध लग चुकी है।

भगवा का मतलब भाजपा नहीं येति नरसिंहानंद जैसे लोगों को नहीं देते बढ़ावा : जेपी नड्डा

नई दिल्ली। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि भगवा का मतलब बीजेपी नहीं है और बीजेपी येति नरसिंहानंद जैसे लोगों को बढ़ावा नहीं देती है। उन्होंने कहा- कुछ लोग ऐसा करते हैं जिसे हम सही नहीं मानते। बीजेपी का मतलब है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबकी कोशिश। पार्टी इसी मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। जेपी नड्डा ने आगे कहा- अगर बीजेपी का कोई कार्यकर्ता ऐसी हरकत करता है तो हम उसे रोकने में बिलकुल भी समय नहीं लगाएंगे। बीजेपी अध्यक्ष ने विपक्ष पर देश की आत्मा पर हमला करने की कोशिश का आरोप लगाया।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले देश की 13 प्रमुख विपक्षी नेताओं ने एक संयुक्त बयान जारी कर मोदी सरकार पर भड़काऊ भाषण देने और देश में सांप्रदायिक तनाव का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया था। जवाब में नड्डा ने भी देश के नागरिकों के नाम एक चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने कहा है कि विपक्ष द्वारा की जा रही वोट बैंक पॉलीटिक्स और डिविजन पॉलीटिक्स अब नहीं चलेगी। उन्होंने आगे लिखा कि पीएम मोदी का पूरा ध्यान सबका साथ, सबका विकास पर है। भारतीय युवाओं को अब पंख लग गए हैं और वो सफलता की ऊंचाईयां छूने को तैयार हैं। जेपी नड्डा ने आगे कहा- अगर बीजेपी का कोई कार्यकर्ता ऐसी हरकत करता है तो हम उसे रोकने में बिलकुल भी समय नहीं लगाएंगे।

बीजेपी अध्यक्ष ने विपक्ष पर देश की आत्मा पर हमला करने की कोशिश का आरोप लगाया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले देश की 13 प्रमुख विपक्षी नेताओं ने एक संयुक्त बयान जारी कर मोदी सरकार पर भड़काऊ भाषण देने और देश में सांप्रदायिक तनाव का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया था। जवाब में नड्डा ने भी देश के नागरिकों के नाम एक चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने कहा है कि विपक्ष द्वारा की जा रही वोट बैंक पॉलीटिक्स और डिविजन पॉलीटिक्स अब नहीं चलेगी। उन्होंने आगे लिखा कि पीएम मोदी का पूरा ध्यान सबका साथ, सबका विकास पर है। भारतीय युवाओं को अब पंख लग गए हैं और वो सफलता की ऊंचाईयां छूने को तैयार हैं।

बीजेपी पर सांप्रदायिक हिंसा का आरोप लगाने वाले विपक्ष को जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने 'जब एक पेड़ गिरता है...' बोलकर 1984 के दंगों का जिक्र किया। उन्होंने कहा 1966 में गौवंश का कत्ल रोकने के लिए साधू पार्लियामेंट हाउस के बाहर धरना दे रहे थे जिनपर गोलियां चलवाई गई। ये इंदिरा गांधी का कार्यकाल था। इसके अलावा उन्होंने 1969 में हुए गुजरात दंगे, 1980 में मुरादाबाद में हुए दंगे, 1984 भिवानी, 1989 भागलपुर दंगों के जरिए विपक्ष पर हमला बोला।

कांग्रेस का मिशन 2024: सोनिया गांधी के साथ बैठक करेंगे प्रशांत किशोर, चार दिन में होगी तीसरी मुलाकात

नई दिल्ली। साल 2024 में होने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अभी से रणनीति बनानी शुरू कर दी है। बीते दो लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में हुए

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले कुछ समय में कांग्रेस के कई बड़े नेता भी पार्टी से किनारा कर चुके हैं। भाजपा का विजयी रथ रोकने के लिए कांग्रेस अब राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर का सहारा ले रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मंगलवार को फिर प्रशांत किशोर से साथ बैठक करने वाले हैं। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी भी बैठक में शामिल होंगी। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ में होने वाली बैठक में कांग्रेस नेता कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, मुकुल वासनिक, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, एके एंटनी, अंबिका सोनी और रणदीप सुरजेवाला भी शामिल होंगे। प्रशांत किशोर और कांग्रेस नेताओं के बीच ये बीते चार दिनों में तीसरी मुलाकात होगी। 16 अप्रैल को पहली और इसके बाद 18 अप्रैल को दूसरी मुलाकात हुई थी। सोनिया गांधी भी इन बैठकों में मौजूद रही थीं। कहा जा रहा है कि प्रशांत किशोर कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि आने वाले दिनों में ऐसी दो और बैठकें हो सकती हैं। केसी वेणुगोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशांत किशोर ने 2024 के आम चुनाव को लेकर रोड मैप के साथ प्रजेंटेशन दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में प्रशांत किशोर की भूमिका एक सप्ताह के भीतर पता चल जाएगा। एक समाचार एजेंसी ने बताया कि प्रशांत किशोर ने कांग्रेस को यूपी, बिहार और ओडिशा में अकेले चुनाव लड़ने का सुझाव दिया है। जबकि तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में गठबंधन के साथ लड़ना चाहिए।

लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे होंगे अगले आर्मी चीफ कश्मीर और लद्दाख में कर चुके हैं ऑपरेशन को लीड

जम्मू। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे अगले आर्मी चीफ होंगे। वह 30 अप्रैल को जनरल एम. एम. नरवणे का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल उसी दिन पूरा हो रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे अभी थल सेना के उप-प्रमुख हैं और इंजीनियर्स कॉर्प्स से आर्मी चीफ बनने वाले पहले शख्स होंगे। अब तक इन्फैंट्री, आर्मर्ड और आर्टिलरी अधिकारी ही आर्मी चीफ बनते रहे हैं। थल सेना का उप-प्रमुख बनने से पहले वह पूर्वी कमान का नेतृत्व कर रहे थे। इस कमान पर सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा की जिम्मेदारी है। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में 'बॉम्बे सैपर्स' में कमीशन मिला था। उन्होंने जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान नियंत्रण रेखा के पास एक इंजीनियर रेजिमेंट की कमान संभाली। इसके अलावा उन्होंने पश्चिमी लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाकों में एक पर्वतीय डिवीजन और पूर्वोत्तर में एक कोर की भी कमान संभाली। उन्होंने अपने बेहतरीन करियर में कई अहम पदों पर काम किया और विभिन्न इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों में भाग लिया। इस साल फरवरी में ही लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने लेफ्टिनेंट जनरल सीपी मोहंती की जगह भारतीय सेना के वाइस चीफ अफसर के तौर पर पद संभाला था। वाइस चीफ बनने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ईस्टन आर्मी कमांडर थे। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे का नाम ऐसे समय पर बतौर सेना प्रमुख आ रहा है जब कसास हैं कि जनरल नरवणे को अगला सीडीएस नियुक्त किया जा सकता है। गौरतलब है कि जनरल विपिन रावत के हेलिकॉप्टर हादसे में शहीद होने के बाद से देश में सीडीएस का पद खाली है। 8 दिसंबर को हेलिकॉप्टर हादसे में सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिखा समेत सेना के 12 जवान शहीद हो गए थे।

अफगानिस्तान: काबुल में हाई स्कूल के पास तीन धमाके, अब तक 20 लोगों की मौत, कई घायल

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मंगलवार सुबह तीन जबरदस्त धमाके हुए हैं। ये धमाके अलग-अलग जगहों पर हुए हैं। धमाकों में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 20 पहुंच गया है। इसके अलावा कई लोग घायल भी हुए हैं। इस घटना के बाद काबुल में हड़कंप मच गया है। सुरक्षा एजेंसियां इन धमाकों की जांच कर रही हैं। टोलो न्यूज के मुताबिक, तीनों धमाके पश्चिमी काबुल में हुए हैं। चश्मदीदों ने बताया कि पहला धमाका एक ट्रेनिंग सेंटर के पास, जबकि दूसरा धमाका अब्दुल रहीम शहीद हाई स्कूल के सामने हुआ है। तीसरा धमाका भी इसी जगह के आसपास हुआ है। ये धमाके उस वक्त हुए, जब स्कूली बच्चे अपनी क्लास के लिए जा रहे थे।

20 लोगों की मौत, कई घायल- बताया जा रहा है कि पहला धमाका मुमताज नाम के

एक ट्रेनिंग सेंटर के पास हुआ। ये धमाका हैंड ग्रेनेड से किया गया है। धमाके में कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। आंतरिक मंत्रालय ने अब्दुल रहीम शहीद हाई स्कूल के पास विस्फोट की पुष्टि की है। मंत्रालय ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है।

दो हफ्ते पहले भी हुआ था धमाका- बता दें कि इससे पहले इसी महीने की शुरूआत में भी काबुल में बम धमाका हुआ था। ये धमाका काबुल के मनी एक्सचेंज मार्केट में हुआ था। इस हमले में दो मनी एक्सचेंजर्स घायल हुए थे।

दंगाइयों पर ऐसी कार्रवाई करो कि मिसाल बन जाए: अमित शाह

नई दिल्ली। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हुई सांप्रदायिक हिंसा के मामले में गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि इस तरह की घटना दोबारा नहीं

होनी चाहिए। शाह ने अधिकारियों से कहा कि दंगाइयों पर ऐसी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए कि मिसाल बन जाए। गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना और पुलिस कमिश्नर लॉ ऐंड ऑर्डर देपेंद्र पाठक से भी इस मामले में बात की। मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि गृह मंत्री इस मामले को नजदीकी से देख रहे हैं। अमित शाह ने अधिकारियों से कहा कि मंत्रालय इस घटना के बारे में जांच से जुड़ी सभी बातों पर कड़ी निगरानी करेगा। दिल्ली पुलिस ने पहले ही मंत्रालय को अब तक की पूरी जांच की जानकारी दे दी है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने कहा कि 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें दोनों ही समुदायों के लोग शामिल हैं। कम से कम क्राइम ब्रांच की 14 टीमें घटना की जांच में लगी हुई हैं। इस हिंसा को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। भाजपा का कहना है कि दंगे के लिए आम आदमी पार्टी जिम्मेदार है। वहीं आम आदमी पार्टी ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था गृह मंत्रालय केअंतरगत आती है इसलिए अमित शाह की जिम्मेदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

कुपवाड़ा पुलिस और सेना के संयुक्त अभियान को बड़ी कामयाबी, हथियारों का बड़ा जखिरा बरामद

श्रीनगर। कश्मीर के कुपवाड़ा में पुलिस और सेना के संयुक्त अभियान के दौरान बड़ी कामयाबी मिली है। श्री अमरनाथ की वार्षिक यात्रा शुरू होने से पहले आतंकी संगठन कश्मीर घाटी में दहशत का माहौल पैदा करने के लिए बड़ी साजिश रच रहे हैं। लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट द्वारा लिखा गया धमकी भरा पत्र जोकि इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, भी इस बात की ओर संकेत करता है। वहीं हमारे सतर्क सुरक्षाबलों ने भी इन गीदड़ भभकियों की परवाह न करते हुए श्रद्धालुओं को बिना डर यात्रा पर आमंत्रित किया है। अपनी सतर्कता का उदाहरण करते हुए कुपवाड़ा पुलिस और सेना ने हाजम मोहल्ला टड करनाह इलाके में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान हथियारों का बड़ा जखिरा बरामद किया है। इतनी बड़ी मात्रा में हथियार बरामद होना इस बात की ओर संकेत करता है कि आतंकी संगठनों के लिए काम करने वाले ओवरग्राउंड वर्कर इन हथियारों की मदद से कश्मीर घाटी के विभिन्न इलाकों में हमलों की योजना बना रहे थे। समय रहते पुलिस व सेना की कार्रवाई ने आतंकी मंसूबों पर पूरी तरह से पानी फेर दिया है। वहीं डीजीपी दिलबाग सिंह ने पुलिस व सेना को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह सतर्कता भरने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि हमारी थोड़ी सी लापरवाही आम जनता के लिए महंगी साबित हो सकती

है। पुलिस के अनुसार उन्हें हाजम मोहल्ला में संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने की सूचना मिली थी। सेना के साथ पहुंची पुलिस टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। इसी बीच एक जगह पर तलाशी लेने पर सुरक्षाबलों को एक संदिग्ध बेग मिला जिसे खोलते ही उनके होश फाख्ता हो गए। बेग में बरामद हथियारों में 10 पिस्तौल, 17 पिस्तौल मैगजीन, 54 पिस्टल राउंड और 5 ग्रेनेड सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। हथियारों को देख यह जाहिर हो रहा था कि आने वाले दिनों में आतंकियों ने ओवर ग्राउंड वर्करों की मदद से हमले तेज करने की योजना बनाई थी। आपको बता दें कि आतंकवादियों के लिए काम करने वाले ओवरग्राउंड वर्कर जो आम लोगों के बीच ही रहते हैं। पिस्तौल, ग्रेनेड से भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमला कर भगदड़ का फायदा उठाकर भाग जाते हैं। आम लोगों के बीच रह रहे इन सहयोगियों को पकड़ना सुरक्षाबलों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। हालांकि पिछले कुछ महीनों में इस तरह के हमले बढ़ जाने के बाद सुरक्षाबलों ने अपने सूचना तंत्रों को अपने-अपने इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने को कहा है, जिसका लाभ भी मिल रहा है। यही नहीं व्यापारिक प्रतिष्ठानों व मुख्य बाजारों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से भी इनकी धरपकड़ में आसानी हो रही है। फिलहाल हथियार मिलने के बाद से सुरक्षाबलों ने हाजम व उसके साथ लगते इलाकों में जोरशोर से सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है।

सोनिया से मिलीं महबूबा, तेज हुई यूपीए में शामिल होने की अटकलें

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती सोमवार की शाम कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी से मिलने के लिए 10 जनपथ पहुंचीं। उन्होंने एक अहम बैठक में भी हिस्सा लिया। इस बैठक में प्रियंका गांधी वाड्रा, मुकुल वासनिक, रणदीप सिंह सुरजेवाला, केसी वेणुगोपाल और अंबिका सोनी भी मौजूद रहे।

माना जा रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर फैसला परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आने के बाद लिया जा सकता है। हाल ही में परिसीमन आयोग ने जम्मू-कश्मीर की दो दिवसीय यात्रा की थी। जहां पर आयोग ने प्रतिनिधिमंडल और क्षेत्र के लोगों के साथ सीधे बातचीत करने का फैसला किया था। कांग्रेस और पीडीपी जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद गठित परिसीमन आयोग के खिलाफ हैं। ऐसे में दोनों पार्टियों के एकसाथ आने की संभावना है। इतना ही नहीं पीडीपी प्रमुख के यूपीए में एकबार फिर से शामिल होने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

आपको बता दें कि पीडीपी 2002 से लेकर 2008 तक कांग्रेस के साथ गठबंधन में थी। जिसके तहत तय हुआ था कि आधे-आधे वक्त के लिए पीडीपी और कांग्रेस का मुख्यमंत्री रहेगा। जिसके तहत गुलाम नबी आजाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद 2008 में पीडीपी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन समाप्त कर दिया था। ऐसे में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ कांग्रेस की नजदीकियां बढ़ गई थीं। सन 2018 में भाजपा और पीडीपी का गठबंधन समाप्त होने के बाद कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने एक साथ मिलकर सरकार बनाने की पहल की थी, हालांकि यह प्रयास सफल नहीं हुआ था। एक बार फिर जम्मू कश्मीर में चुनावी सरगर्मियां शुरू होती दिख रही हैं, इसलिए कांग्रेस ने महबूबा के साथ नजदीकी बढ़ानी शुरू कर दी है।

चिंतन मनन

महंगाई से हाल बेहाल

महंगाई ने दुनियाभर के देशों की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाया है। इसकी मार से भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के देशों पर असर पड़ा है। साल 2022 की शुरूआत तमाम देशों के लिए बेहद खराब साबित हुई है। जहां बीते साल 2021 में महंगाई के हल्के-हल्के झटके लगे थे, तो 2022 में जिस प्रकार से भू-राजनीतिक हालात बदले हैं, महंगाई का जोरदार झटका भारत समेत अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी समेत अन्य देशों को लगा है। जिस हिसाब से दुनिया भर में महंगाई बढ़ी है, पश्चिमी देशों के लिए हैरान करने वाली रही। पश्चिमी देशों ने दशकों बाद ऐसी महंगाई का अनुभव किया है। बीती कुछ तिमाहियों में तो इसमें तेजी से इजाफा देखने को मिला है। इसकी शुरूआत जिंस की कीमतों में तेजी के साथ हुई। खासतौर पर तेल और धातुओं के दाम में बढ़ोतरी से। 2020 में कोविड की दस्तक के बाद कमोडिटी की काफी हद तक कम रही थीं। लेकिन, 2021 में इसमें कुछ उतार-चढ़ाव आया और 2022 में तो एकदम से इनके दाम आसमान छूने लगे। 2021 की बात करें तो कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण लागू तमाम प्रतिबंधों से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई, जिसका सीधा असर कीमतों पर पड़ा। यह सिलसिला जो शुरू हुआ तो अब तक बदस्तूर जारी है। दरअसल, कोरोना महामारी का प्रभाव कम होने के बाद फरवरी के अंत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमले का ऐलान कर दिया। युद्ध शुरू होने के साथ ही दुनियाभर के निवेशकों की धारणाओं पर नकारात्मक असर हुआ और शेयर बाजार धराशाई हो गए। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें आसमान पर पहुंच गई। सप्लाई चेन प्रभावित होने के कारण अन्य चीजों पर भी इसका असर पड़ा। अमेरिका और अन्य विकसित देशों में घरों की कीमतों पर भी महंगाई का जो असर दिखाई दिया वो चौंकाने वाला है। दरअसल, कोरोना ने अचल संपत्तियों में निवेश को बढ़ाने का काम किया। इसके चलते के साथ मकानों की कीमत में इजाफा हुआ। वहीं दूसरी ओर रूस और यूक्रेन में जारी जंग ने ऐसा असर डाला कि भारत समेत दुनियाभर में रसोई से लेकर सड़क पर निकलने तक के लिए जनता की जेब पर बोझ बढ़ गया। कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस से लेकर एल्युमिनियम, पैलेडियम, निकल, पोटाश ही नहीं, बल्कि गेहूं, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेलों समेत अन्य जरूरी चीजों की कीमतों में 30 फीसदी से ज्यादा का इजाफा देखने को मिला। सबसे पहले बात करते हैं भारत की, तो बता दें कि मार्च 2022 में देश में खुदरा महंगाई 17 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह 6.95 फीसदी की दर से बढ़ी है। इससे पहले अक्टूबर 2020 में खुदरा महंगाई 7.61 फीसदी की दर से बढ़ी थी। वहीं इससे पिछले यानी फरवरी महीने की बात करें तो यह आंकड़ा 6.07 फीसदी था। मार्च में खाद्य वस्तुओं के दाम 7.47 प्रतिशत बढ़े। कपड़े और फुटवियर के दाम 9.40 फीसदी बढ़े, तो ईंधन और बिजली की कीमतों में 7.52 फीसदी का इजाफा हुआ। वहीं अन्य चीजों पर महंगाई सालाना आधार पर 7.02 फीसदी और मकानों के दाम 3.38 फीसदी की दर से बढ़ी है। देश में खाद्य तेलों पर महंगाई 18.79 फीसदी, तो सब्जियों पर 11.64 फीसदी की दर से बढ़ी है। अमेरिका में करीब चार दशकों के बाद लोगों ने इतनी महंगाई देखी है। यहां वर्तमान हालात की बात करें तो यूएस में महंगाई 8.5 फीसदी के शिखर पर पहुंच चुकी है। पहले कोरोना की मार और अब रूस-यूक्रेन युद्ध से बिगड़े हालातों ने यूएस में भी महंगाई को और बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। कुल मिलाकर अमेरिका में महंगाई खाद्य वस्तुओं और बिजली की कीमतों में जोरदार तेजी से सबसे अधिक प्रभावित दिखी है। महीने दर महीने इजाफे के साथ खाद्य वस्तुओं की कीमतें अमेरिका में 10 फीसदी चढ़ गई हैं, तो बिजली की कीमतों में 32 फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया है। एनएफआईबी स्माल बिजनेस सर्वे के मुताबिक, देश में 31 फीसदी व्यापारियों ने महंगाई को अपनी सबसे महत्वपूर्ण समस्या माना है। अमेरिका के साथ ही ब्रिटेन में भी महंगाई ने लोगों का हाल-बेहाल कर रखा है। यहां महंगाई दर 30 साल के उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। मार्च में देश में महंगाई 7 फीसदी की दर से बढ़ी, जो कि इससे पिछले महीने में 6.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। देश में ईंधन की कीमतों में 31 साल में सबसे ज्यादा इजाफा देखने को मिला है और इसकी कीमत फरवरी में 9.9 फीसदी की दर से बढ़ीं। रिपोर्ट के मुताबिक, जरूरी सामानों की 25 फीसदी श्रेणियां जिनका असर महंगाई में पड़ता है उनके दाम में 10 फीसदी से ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई है। अमेरिका और ब्रिटेन ही नहीं बल्कि, जर्मनी भी महंगाई की तगड़ी मार झेल रहा है। यहां मुद्रास्फीति दर 7.3 फीसदी पर पहुंच गई है, जो कि साल 1981 के बाद से सबसे ऊंचा स्तर है। यहां खाद्य वस्तुओं के दाम में साल-दर-साल 5.9 फीसदी, हाउसिंग, पानी, बिजली, गैस और अन्य ईंधन पर महंगाई 8.8 फीसदी, जबकि परिवहन का चार्च 17.5 फीसदी तक बढ़ गया है। बिजली की कीमतों की बात करें तो साल-दर-साल इसमें 39.5 फीसदी की तेजी आई है। इस बीच मार्च में स्पेन में महंगाई 9.8 फीसदी, इटली में 7 फीसदी और फ्रांस में 5.1 फीसदी की दर से बढ़ी है। खास बात ये है कि इस महंगाई में खाद्य वस्तुओं की कीमतों और बिजली-ईंधन के दामों में बढ़ोतरी का बड़ा असर हुआ है।

भौतिकवाद से उपजी दुर्गति

ऊंचा महल खड़ा करने के लिए किसी दूसरी जगह गड्ढे बनाने पड़ते हैं। मिट्टी, पत्थर, चूना आदि जमीन को खोदकर ही निकाला जाता है। एक जगह टीला बनता है तो दूसरी जगह खाई बनती है। संसार में दरिद्रों, अशिक्षितों, दुःखियों, पिछड़ों की विपुल संख्या देखते हुए विचार उठता है कि उत्पादित सम्पदा यदि सभी में बंट गई होती तो सभी लगभग समान स्तर का जीवन जी रहे होते। अभाव एक ही कारण उत्पन्न हुआ है कि कुछ लोगों ने अधिक बटोरने की विज्ञान एवं प्रत्यक्षवाद की विनिर्मित मान्यता के अनुरूप यह उचित समझा है कि नीति, धर्म, कर्त्तव्य, शालीनता, समता, परमार्थ परायणता जैसे उन अनुबंधों को मानने से इंकार कर दिया जाए जो पिछली पीढ़ियों में आस्तिकता और धार्मिकता के आधार पर आवश्यक माने जाते थे। पशुओं को जब नीतिवान परोपकारी बनाने के लिए बाधित नहीं किया जा सका, तो बन्दर से मानव रूप में विकसित मनुष्य को यह किस आधार पर समझाया जा सके कि उसे उपार्जन तो करना चाहिए पर उसको उपभोग में ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए। विज्ञान के साथ सज्ञान का समावेश यदि रह सका होता तो भौतिक और आत्मिक सिद्धान्तों पर आधारित प्रगति का लाभ हर किसी को समान रूप से मिलता पर किया क्या जाए? भौतिक विज्ञान जहां शक्ति व सुविधा प्रदान करता है, वहीं प्रत्यक्षवादी मान्यताएं नीति, धर्म, संयम, स्नेह, कर्त्तव्य आदि को झुठला देती हैं। ऐसी दशा में उद्दंडता अपनाए हुए समर्थ का दैत्य-दानव बन जाना स्वाभाविक है। औद्योगीकरण के नाम पर बने कारखानों ने संसार भर में वायु और जल प्रदूषण भर दिया है। ऊर्जा के अत्यधिक उपयोग ने संसार का तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हिम प्रदेश पिघल जाने पर समुद्रों में बाढ़ आने और ओजोन नाम से जाना जाने वाला पृथ्वी का कवच फट जाने पर ब्रह्माण्डीय किरणों धरती की समृद्धि को भूनकर रख सकती हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशक मिलकर पृथ्वी की उर्वरता को विषाक्तता में बदलकर रखे दे रहे हैं। बढ़ते हुए कोलाहल से व्यक्ति और पगलाने लगेंगे। शिक्षा का उद्देश्य उदरपूर्ति भर रहेगा, उसका शालीनता के तत्त्वदर्शन से कोई वास्ता न रहेगा। मनुष्य जाति आज जिस दिशा में चल पड़ी है, उससे उसकी महत्ता ही नहीं, सत्ता का भी समापन होते दीखता है।

राजस्थान में नहर विवाद बनेगा चुनावी मुद्दा

राजस्थान में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर कांग्रेस व भाजपा में विवाद बढ़ गया है। इस परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत का कहना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर व अजमेर की जनसभा में राजस्थान के 13 जिलों को मीठा पानी उपलब्ध कराने वाली पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की बात कही थी। जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इस परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान की जनता से वादाखिलाफी कर रहे हैं।

गहलोत का कहना है कि यदि केंद्र सरकार इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दे देती है तो परियोजना की कुल लागत का 90 प्रतिशत खर्चा केंद्र सरकार उपलब्ध करा देगी। राज्य सरकार को मात्र 10 प्रतिशत राशि ही खर्च करनी पड़ेगी। ऐसे में 40 हजार करोड़ रुपयों वाली इस बड़ी परियोजना को धन की उपलब्धता के चलते जल्दी पूरा किया जा सकेगा। जिससे प्रदेश के 13 जिलों का कायाकल्प हो जाएगा। इन 13 जिलों के करीबन साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों को जहां पीने को मीठा पानी उपलब्ध हो सकेगा। वहीं डेढ़ से दो लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई भी होगी। जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यह नहर परियोजना पूरी होने पर पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लोगों के लिए एक नई जीवनदायिनी साबित होगी। दरअसल इस विवाद की शुरूआत जल जीवन मिशन पर जयपुर में 9 राज्यों की रीजनल कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई थी। जहां केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राजस्थान के जलदाय मंत्री महेश जोशी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के मुद्दे पर भीड़ गए थे। महेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादे का हवाला देकर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग रखी थी। इस पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महेश जोशी को भाषण के बीच में ही टोकते हुए कह दिया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

अजमेर के सभा में उक्त नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने पर एक शब्द बोला हो तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

शेखावत ने जोशी से कहा कि बोलने से पहले आप रिकॉर्ड चेक कर लीजिए। आपके पास वीडियो नहीं है तो दोनों कार्यक्रमों के वीडियो में आपको भेज देता हूं। जिस अजमेर की मीटिंग को आप मेंशन कर रहे हो प्रधानमंत्री ने अजमेर की मीटिंग में एक शब्द भी इस बारे में नहीं कहा। उन्होने केवल प्रस्ताव प्राप्त होने की बात कही थी। हमें एक बार रिकॉर्ड चेक करके सुनिश्चित करने के बाद ही बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं दावे से कहता हूं कि अजमेर की मीटिंग में एक शब्द बोला हो तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा या आप के मुख्यमंत्री राजनीति छोड़ दें। इस तरह की बात कहने का यह तो मंच नहीं है।

महेश जोशी ने कहा था कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाना बहुत जरूरी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में दो बार इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का वादा किया था। चाहे जो भी परिस्थिति हो इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाना चाहिए। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सरकार ने 2017-18 के बजट में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की घोषणा की थी। इस परियोजना में राजस्थान के जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ सहित कुल 13 जिले शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने पर 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी। इस परियोजना में 6 बैराज और एक बांध बनाया जाएगा। नदियों और बांधों को आपस में जोड़ने के लिए 1268 किलोमीटर लंबी नहरे बनेगी। इस परियोजना की लागत फिलहाल 38 हजार करोड रुपए आंकी गई है। इस परियोजना पर अभी तक राज्य सरकार ने अपने बजट से करीबन एक हजार करोड रुपए से अधिक की राशि खर्च कर कई जिलों में बैराज निर्माण कार्य शुरू करवाए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने 2022-23 के बजट में भी उक्त परियोजना के लिए 9 हजार 600 सौ करोड रुपए देने की घोषणा की है।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) का मुख्य उद्देश्य राजस्थान के जल प्रबंधन को नए सिरे से विकसित करना है। इस योजना के जरिए दक्षिणी राजस्थान में स्थित चंबल और उसकी सहायक नदियों कुन्नू, पार्वती, कालीसिंध को आपस में जोड़ा जाना है। इसके साथ ही इन नदियों में बारिश के मौसम के दौरान इकट्ठे होने वाले पानी के लिए नई तकनीकी विकसित करना है। राज्य के जल संसाधन विभाग के अनुसार देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान का भौगोलिक क्षेत्रफल 342.52 लाख हेक्टेयर है। जो पूरे देश का 10.4 प्रतिशत है। लेकिन यहां सतही जल का केवल 1.16 प्रतिशत और भूजल का 1.72 प्रतिशत ही है। ऐसे में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना यहां की पानी की समस्या को दूर करने में अहम भूमिका निभा सकती है। इसके बनने से राजस्थान के 41.6 प्रतिशत क्षेत्रफल में सिंचाई के साथ-साथ 23.67 प्रतिशत क्षेत्र के वाटर लेवल को भी मेंटन किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने 1996-97 में त्वरित सिंचाई लाभ योजना बनाई थी। ऐसी बड़ी परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजना कहां गया। राष्ट्रीय परियोजना उन परियोजनाओं को बनाया जा सकता है जिसमें दो लाख हेक्टेयर से अधिक की सिंचाई हो सके और जल बंटवारे का विवाद ना हो। अभी तक देश में कुल 16 राष्ट्रीय परियोजनाएं हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि सबसे ज्यादा पानी की कमी वाले राजस्थान में इनमें से एक भी परियोजना नहीं है। हालांकि इस परियोजना पर मध्य प्रदेश सरकार ने एनओसी नहीं दी है। मध्यप्रदेश में जब कमलनाथ की सरकार थी तब उस समय परियोजना की एनओसी को रोका गया था। मध्यप्रदेश ने राजस्थान के प्रोजेक्ट पर यह कहकर आपत्ति जताई थी कि यह प्रस्ताव भारत सरकार की अंतर राज्य नदियों की गाइडलाइन के अनुसार नहीं है। गाइडलाइन के अनुसार 75 प्रतिशत निर्भरता होने पर ही परियोजना बनाई जानी थी। लेकिन राजस्थान में 50 प्रतिशत ही निर्भरता की योजना भेजी हुई है। इसके चलते मामला अंतर राज्य विवाद का बन रहा है। इस परियोजना पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के बयान के बाद कांग्रेस ने इस पर विवाद खड़ा कर इसे मुद्दा बना लिया है। इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी राजस्थान के 13 जिलों में केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने लगी है। शेखावत के बयान के बाद कांग्रेस लगातार हमलावर है। राजनीतिक रूप से कांग्रेस इन 13 जिलों में आधे से ज्यादा जिलों में मजबूत स्थिति में है। इस परियोजना को मुद्दा बनाकर कांग्रेस 2023 के चुनाव में फिर से बहुमत हासिल करने के प्रयास में लग गई है। इन 13 जिलों में विधानसभा की 83 सीट आती है। जिनमें से अभी कांग्रेस के पास 49 और भाजपा के पास 25 सीट हैं। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव तक कांग्रेस हर हाल में इस मुद्दे को बनाए रखना चाहती है। जिससे मतदाताओं को अपने पक्ष में कर सकें। कांग्रेस के नेताओं को लगता है कि इस मुद्दे को आगे बढ़ा कर वह भाजपा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेर सकती है। पूर्वी राजस्थान में नहर का मुद्दा धीरे धीरे चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

मुट्ठीभर उग्रवादियों के भरोसे भारत?

रामनवमी और हनुमान जयंति के अवसरों पर देश के कई प्रदेशों में हिंसा और तोड़-फोड़ के दृश्य देखे गए। उत्तर भारत के प्रांतों के अलावा ऐसी घटनाएं दक्षिण और पूर्व के प्रांतों में भी हुईं। हालांकि इनमें सांप्रदायिक दंगों की तरह बहुत खून नहीं बहा लेकिन मुझे याद नहीं पड़ता कि आजाद भारत में ऐसी हिंसात्मक घटनाएं कभी कई प्रदेशों में एक साथ हुई हों। ऐसा होना काफी चिंता का विषय है। यह बताता है कि पूरे भारत में सांप्रदायिक विद्वेष की कोई ऐसी अदृश्य धारा बह रही है, जो किसी न किसी बहाने भड़क उठती है। विरोधी दलों ने संयुक्त बयान देकर पूछा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? वे कुछ बोलते क्यों नहीं हैं? इस प्रश्न का भावार्थ यह है कि इन हिंसात्मक कार्रवाइयों को भाजपा सरकार का आशीर्वाद प्राप्त है। विरोधी दलों के नेता इन कार्रवाइयों के लिए सत्ताधारी भाजपा को जिम्मेदार ठहराना चाहते हैं। यहां यह सवाल भी विचारणीय है कि क्या इस तरह के सांप्रदायिक दंगे और हिंसात्मक घटना-क्रम सिर्फ भाजपा शासन-काल में ही होते हैं? कांग्रेसियों, कम्युनिस्टों और समाजवादियों के शासनकाल में ऐसी घटनाएं क्या बिलकुल नहीं हुई हैं? यह हमारे भारतीय समाज का स्थायी चरित्र बन गया है कि हम अपने राष्ट्र से भी कहीं ज्यादा महत्व अपनी जात और अपने मजहब को देते हैं। 1947 के बाद जिस नए शक्तिशाली और एकात्म राष्ट्र का हमें निर्माण करना था,

उस सपने का थोक वोट की राजनीति ने चूरा-चूरा कर दिया। थोक वोट के लालच में सभी राजनीतिक दल जातिवाद और सांप्रदायिकता का सहारा लेने में जरा भी संकोच नहीं करते। भारत में ऐसे लोग सबसे ज्यादा हैं, जिनका नाम सुनते ही उनमें से उनकी जात और मजहब का नगाड़ा बजने लगता है। जो कोई अपनी जात और मजहब को बनाए रखना चाहते हैं, उन्हें उसकी पूरी आजादी होनी चाहिए लेकिन उनके नाम पर घृणा फैलाना, ऊँच-नीच को बढ़ाना, दंगे और तोड़-फोड़ करना कहां तक उचित है? यही प्रवृत्ति देश में पनपती रही तो भौगोलिक दृष्टि से तो भारत एक ही रहेगा लेकिन मानसिक दृष्टि से उसके टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। यह खंड-खंड में बंटा भारत क्या कभी महाशक्ति बन सकेगा? क्या वह अपनी गरीबी दूर कर सकेगा? मुझे तो डर यह लगता है कि 22 वीं सदी पूरी होते-होते कहीं ऐसा न हो जाए कि भारत के हर प्रांत और हर जिले को सांप्रदायिक और जातिवादी आधार पर बांटने की मांग पनपने लगे। आज भारत की राजनीति में अनेक सक्रिय दल ऐसे हैं, जिनका आधार शुद्ध संप्रदायवाद या शुद्ध जातिवाद है। यह राष्ट्रीय समस्या है। इसका समाधान अकेले प्रधानमंत्री या उनका अकेला राजनीतिक दल कैसे कर सकता है? इस पर तो सभी दलों की एक राय होनी चाहिए। अकेले प्रधानमंत्री ही नहीं, सभी दलों के नेताओं को मिलकर बोलना चाहिए। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, इसलिए उनकी आवाज सबसे बुलंद होनी चाहिए। किसी भी नेता को वोट बैंक की हानि से डरना नहीं चाहिए। वे अपने वोट बैंक के चक्कर में भारत की एकता बैंक का दिवाला न पीट दें, यह सोच जरुरी है। भारत-जैसा विविधतामय देश दुनिया में कोई और नहीं है। जितने धर्म, जितनी जातियां, जितनी भाषाएं, जितने खान-पान, जितनी वेश-भूषाएं और जितने रंगों के लोग भारत में प्रेम से रहते हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं रहते। क्या ऐसे करोड़ों भारतवासी मुट्ठीभर उग्रवादियों के हाथ के खिलौने बनना पसंद करेंगे?

रजोनिवृत्ति के बाद रखें सेहत का ध्यान

मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) की स्थिति से हर महिला को एक न एक दिन गुजरना पड़ता है। रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है क्योंकि इसके बाद उन्हें कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इस दौरान सबसे ज्यादा खतरा दिल की बीमारियों का होता है हालांकि कुछ सावधानियां और आदतों में बदलाव करके दिल की बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मेनोपॉज के कारण नर्वस सिस्टम और दिल पर असर पड़ता है। इसके बाद महिलाओं में धमनी रोगों यानी कोरोनरी आर्टरी डिजीज का खतरा बढ़ जाता है क्योंकि इस दौरान धमनियों में ब्लॉकेज की समस्या बढ़ जाती है। ऐसा दिल की संकेत में इलेक्ट्रीकल उपद्रव यानि अर्थाथिमिआस के कारण होता है। इसे रोकने और दिल का अच्छा ख्याल रखने के लिए, महिलाओं को नियमित जांच करानी चाहिए।

करायें ये जांच

इसलिए हर महिला को नियमित रूप से ये टेस्ट करवाने चाहिए-

ब्लड प्रैशर, ब्लड शुगरथायराइड, हीमोग्लोबिन,ट्राइग्लिसराइड, बी.एम.आई और लिपिड प्रोफाइल।

विटामिन्स और मिनरल्स लें

मेनोपॉज के बाद दिल की बीमारियों से बचने के लिए अपने आहार में विटामिन्स और मिनरल्स युक्त पदार्थों को शामिल करें। मेनोपॉज में होने वाली हॉट फ्लेशज की समस्या से बचने के लिए विटामिन ए, सी, मैग्नीशियाम आदि का सेवन करना चाहिए। मेनोपॉज के बाद अपनी डाइट का ख्याल रखने से आप हार्ट के साथ ओस्टियोपोरोसिस से भी बची रहेंगी। इसके अलावा अपनी खुराक में कैल्शियम की भरपूर मात्रा लें। इससे आपको मेनोपॉज के दौरान होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी।

हड्डियों पर पड़ता है असर- दिल के साथ-साथ मेनोपॉज का असर हड्डियों पर भी पड़ता है। एस्ट्रोजन हार्मोन के कम होने के कारण बोन मास कम हो जाता है, जिसके के कारण घुटने में दर्द और जोड़ों में दर्द की समस्या रहने लगती है। कैल्शियम की ज्यादा कमी की वजह से रीढ़ की हड्डी कमजोर होने लगती है और मरीज आगे की तरफ झुकना शुरू कर देते हैं।

खान-पान में रहें सचेत- दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। इससे पेट में होने वाली समस्याएं दूर होगी और दिल के रोगों का खतरा भी काफी हद तक कम होगा। इसके अलावा अपने खान-पान में ताजे फल, जूस और मौसमी हरी पत्तेदार सब्जियों को जरूर शामिल करें। सीमित मात्रा में वसा का सेवन करें। इसके अलावा बाहर का खाना और तले हुआ भोजन से दूरी बनाकर रखें।

ग्रामोदय की संकल्पना पर संपन्न हुई प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सतत विकास संगोष्ठी

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के सत्रह लक्ष्यों की प्राप्ति पर केन्द्रित प्रथम तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 17 अप्रैल को सतना जिले के चित्रकूट में संपन्न हुई। संगोष्ठी में भारतरत्न नानाजी देशमुख की संकल्पना पर आधारित दीनदयाल शोध संस्थान के माध्यम से पंच महाभूत की महिमा पर चित्रकूट क्षेत्र के 50 किलोमीटर परिधि के 500 गांवों में चल रहे प्रकल्पों से भू-जलस्तर बढ़ाने के लिए जलसंरचना, स्वावलंबन, दादी का बटुआ, अरोग्यधाम, उद्यमिता, सुरेन्द्रपाल ग्रामोदय विद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, संग्रहण, गौपालन, जैविक खेती जैसे क्षेत्र में चल रहे संघर्षमुक्त और आत्मनिर्भरता के अभिनव प्रयोग को विश्व के लिए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर संस्थान की कार्यशैली पर केन्द्रित एसडीजी इंटरवेंशन डॉट ओआरजी नाम की वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। इस बेबसाइट का उद्देश्य साझा ज्ञान से सतत विकास की ओर अग्रसर होना है।विकास के 108 लक्ष्यों को हासिल करने वाली इस बेवसाइट से अभी तक 2000 समस्याओं के हल साझा किये गये हैं। सम्मेलन में एग्पा के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने भारतरत्न नानाजी द्वारा अंत्योदय की अवधारणा को जीवन्त बताते हुए सतत लक्ष्य में मिलेनियम डेवलपमेंट गोल(एमडीजी) और मौजूदा परिप्रेक्ष्य में दृष्टिकोण परिवर्तन के सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल(एसडीजी) में हुए तीन महत्वपूर्ण अंतर को रेखांकित किया। चिंतक दत्तोपंत ठेगड़ी के 'मार्डनाइजेशन विदाउट ग्लोबलाइजेशन' को उद्धृत करते हुए श्री चतुर्वेदी ने गुणवत्तापूर्ण सेवा, पोषक अन्न की खेती, समावेशी मुद्राबैंक, स्वच्छ जलवायु पर्यावरण मित्र आधारित

विकास पर बल दिया। राष्ट्रीय सम्मेलन में दक्षिण एशिया में सतत विकास में सलंग्न डॉ. नित्या केमकर लंदन, डॉ. काकोली घोष रोम, एरिक सोलहेम पेरिस और भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट को-ऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प ने सतत विकास पर अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डा. आर सी अग्रवाल, मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय राज्य नियामक आयोग के अध्यक्ष डा. भरत शरण सोलंकी, दीनदयाल शोध संस्थान के सचिव अभय महाजन, उपाध्यक्ष इंजी उत्तम बनर्जी, निखिल मुंडले, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डा. बी के जैन, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्र सहित केन्द्रीय व राज्य मंत्रिमंडल के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि गत पांच माह में सरकार द्वारा आर्थिक विकास दर वृद्धि को लेकर संपन्न तीन बड़े सम्मेलनों में जनभागीदारी की बजाय सरकारी तंत्रों की भूमिका को महत्व दिया गया। अभियानों को सतह पर मुखर करने वाले ऐसे कार्यक्रमों में नेताओं का बौद्धिक प्रसंग उनकी विलासितापूर्ण जीवनशैली को पोषित करने वाले असमानता, अहंकार, सदन में आचरण हिंसक प्रवत्तियां, सरकारी धन के दुरूपयोग या ठिकाने, जासूसी अति टैक्स वसूली के बावजूद वीआईपी संस्कति, धरना, प्रदर्शन, यात्रा, बाजार, गुमठी जैसे अवरोधकों से आम सड़क से लोगों को वंचित करने जैसी परस्पर विरोधी आचरण को दशार्ती है। आज किसी से छुपा नही है कि संस्कति, कला, स्वयंसेवी संस्थाओं या कल्याणकारी गतिविधियों के नाम पर किस तरह सरकारी धन का दुरूपयोग किया जाता है। चुनाव जीतने की राजनीतिक दलों का अप्रत्याशित व लुभावने वादे से कर(टैक्स) की एक बड़ी राशि के दुरूपयोग से देश का सतत विकास प्रभावित होता है। पिछले कुछ वर्षों से शोभायात्रा पर पथराव, धर्म संसद में भाड़काऊ भाषण, हिजाब, हलाल जैसी घटनाओं से परस्पर सौहार्द्र संबंधों की संवेदनात्मक खाइयॉ बढ़ी हैं। इससे समाज में प्रतिशोध और भय का वातावरण बनता दिख रहा है। किसी भी देश की समेकित प्रगति का व्यवहारिक मूल आधार वहॉ के निवासियों के पारस्परिक सद्भाव, एकजुटता और सहकार्य की इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है। शायद नानाजी देशमुख ने इससे दूरी बनाने के लिए ही चित्रकूट जैसे निर्जन स्थान को अपनी कर्मभूमि बनाई होगी। उनकी अनुपस्थिति में दीनदयाल के उदात्त विचार राजनीति के हस्तक्षेप में किस तरह पोषित होंगे, यह देखना शेष है

दो फीसद तक महंगी हुईं मारुति की कारें

■ कंपनी सभी माडलों की कारों के बढ़ाएगी दाम ■ महिंद्रा पहले ही 2.5% बढ़ा चुकी है दाम

नई दिल्ली (भाषा)। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने तत्काल प्रभाव से अपने सभी माडलों की कीमतों में 0.9 प्रतिशत से 1.9 प्रतिशत तक वृद्धि की है।

कंपनी ने सोमवार को कहा कि उसने लागत में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला किया।

कंपनी ने कहा कि सभी माडलों की कीमतों में औसतन 1.3 प्रतिशत (दिल्ली में शोरूम कीमत) बढ़ोतरी की गई है।

कंपनी ने छह अप्रैल को शेयर बाजार को बताया था कि कच्चे माल में तेजी के चलते उसके वाहनों की लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जनवरी 2021 से मार्च 2022 तक मारुति ने वाहनों की कीमतों में 8.8% की बढ़ोतरी की है। इस्पात, कापर, एल्युमिनियम सहित विभिन्न जरूरी जिंसों की कीमतों में बढोतरी के चलते कार विनिर्माता को नियमित रूप से कीमतों को बढ़ाना पड़ रहा है।

पिछले सप्ताह महिंद्रा एंड महिंद्रा ने वाहनों की कीमतें 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाई थीं।



ऑडी ए8 का नया संस्करण जल्द

नई दिल्ली (भाषा)। जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी आडी अपनी लोकप्रिय सेडान ए8 का नया संस्करण भारत में उतारने की योजना बना रही है। यह भारतीय बाजार में इस साल आडी द्वारा उतारी जाने वाली दूसरी गाड़ी होगी। कंपनी अगले कुछ दिनों में नई ए8 के लिए बुकिंग शुरू करेगी और इसके कुछ हफ्तों बाद गाड़ी पेश की जाएगी। आडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा, 'ए8 हमारी लोकप्रिय गाड़ी है। हमारे पोर्टफोलियो में यह बहुत महत्वपूर्ण कार है।' इस कार में तीन लीटर का पेट्रोल इंजन होगा और इसे पूर्ण रूप से तैयार इकाई के रूप में आयात किया जाएगा।

बीएमडब्ल्यू ने एक्स4 का सिल्वर शेडो संस्करण उतारा

नई दिल्ली (भाषा)।

जर्मनी की लक्जरी कार कंपनी बीएमडब्ल्यू ने सोमवार को एक्स4 माडल का 'सिल्वर शेडो' संस्करण बाजार में उतारा। इसकी शुरुआती शोरूम कीमत 71.9 लाख रुपए है।

इस माडल का विनिर्माण चेन्नई में बीएमडब्ल्यू समूह के संयंत्र में किया जाता है। इसका नया विशेष संस्करण पेट्रोल और डीजल दोनों तरह के इंजन विकल्पों में उपलब्ध है। कंपनी ने बयान में कहा कि पेट्रोल इंजन वाले माडल में दो लीटर का इंजन है जिसकी क्षमता 252 हार्सपावर की है। यह गाड़ी मात्र 6.6 सेकेंड में शून्य से 100 किलोमीटर की रफ्तार पकड़ सकती है। इसकी कीमत 71.9 लाख रुपए से शुरू है।

वहीं डीजल इंजन में तीन लीटर का इंजन और 265 हार्सपावर की क्षमता है। गाड़ी की बुकिंग आनलाइन की जा सकती है।

यात्री वाहनों का निर्यात 43% बढ़ा

■ कुल निर्यात में मारुति की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा

नई दिल्ली (भाषा)।

आटो उद्योग के संगठन सिआम के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत से यात्री वाहनों का निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 43 प्रतिशत बढ़ गया, जिसमें मारुति सुजुकी इंडिया 2.3 लाख से अधिक इकाइयों के साथ अग्रणी रही।

आंकड़ों के मुताबिक 2021-22 में कुल यात्री वाहनों (पीवी) का निर्यात 5,77,875 इकाई रहा, जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 4,04,397 इकाई था। सोसाइटी आफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सिआम) के आंकड़ों के मुताबिक यात्री कार खंड में 42 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,74,986 इकाइयों का निर्यात किया गया, जबकि उपयोगिता वाहन खंड में निर्यात 46 प्रतिशत बढ़कर 2,01,036 इकाइयों पर पहुंच गया।

वित्त वर्ष 2021-22 में वैन का निर्यात बढ़कर 1,853 इकाई हो गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 1,648 इकाई था। निर्यात के लिहाज से मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) अग्रणी रही, जबकि इसके बाद हुंडई मोटर इंडिया और किआ इंडिया रहे। एमएसआई ने समीक्षाधीन अवधि में 2,35,670 यात्री वाहनों का निर्यात किया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले दोगुने से अधिक है। आलोच्य अवधि में अन्य वाहनों का निर्यात भी बढ़ा है।

संक्षिप्त खबरें

इस्पात उत्पादन बढ़ा

नई दिल्ली। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने सोमवार को बताया कि मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में उसका इस्पात उत्पादन दो प्रतिशत बढ़कर 21.1 लाख टन हो गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि जनवरी-मार्च में उसकी बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 20.7 लाख टन रही। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी ने रिकार्ड 81 लाख टन इस्पात उत्पादन किया, जबकि बिक्री 76.3 लाख टन रही। जेएसपीएल के प्रबंध निदेशक वी आर शर्मा ने कहा, 'हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2022-23 में 90 लाख टन से अधिक उत्पादन करना है।'

एसबीआई ने पूंजी जुटाई

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक ने कहा कि उसने अपनी आईएफएससी गिफ्ट सिटी शाखा के जरिए 50 करोड़ अमेरिकी डालर जुटाए हैं। बैंक ने कहा कि एसबीआई ने अपनी गिफ्ट सिटी शाखा के जरिए पहली बार विदेश से अमेरिकी डालर में सुरक्षित ओवरनाइट वित्तपोषण दर से जुड़ा ऋण जुटाया है। यह सुविधा 40 करोड़ अमेरिकी डालर के लिए है, जबकि इसमें 10 करोड़ डालर का ग्रीन शू विकल्प शामिल है। एसबीआई के प्रबंध निदेशक अश्विनी तिवारी ने कहा कि बेहद अच्छी कीमत पर सिंडिकेटेड ऋण जुटाने से विदेशी वित्तीय बाजारों में एसबीआई की प्रतिष्ठा का पता चलता है।

बंगाल कारोबारी सम्मेलन

कोलकाता। दुनियाभर के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले बंगाल वैश्विक कारोबारी सम्मेलन (बीजीबीएस) में ब्रिटेन से 49 वरिष्ठ अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में व्यवसायों, संस्थानों और विश्वविद्यालयों के शीर्ष लोग 20-21 अप्रैल को यहां बीजीबीएस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक विज्ञप्ति में कोलकाता में पदस्थ ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त निक लो के हवाले से यह जानकारी दी गई।

पूर्वांकर की बिक्री बढ़ी

नई दिल्ली। रियल एस्टेट फर्म पूर्वांकर लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में उसकी बिक्री बुकिंग नौ प्रतिशत बढ़कर रिकार्ड 2,406 करोड़ रुपए हो गई। कंपनी ने बताया कि आवासीय संपत्ति की मांग बढ़ने के कारण यह तेजी आई। इससे पिछले वित्त वर्ष के दौरान पूर्वांकर की बिक्री बुकिंग 2,202 करोड़ रुपए थी। पूर्वांकर ने शेयर बाजार को बताया कि कुल बिक्री मात्रा 35.2 लाख वर्ग फीट रही, जिसका कुल बिक्री मूल्य 2,406 करोड़ रुपए है।(एजेंसी)

थोक महंगाई दर 14.55% पर

■ चार माह के उच्च स्तर पर पहुंची थोक मुद्रास्फीति ■ कच्चे तेल और जिंसों के दामों में दर्ज की गई तेजी

■ लगातार 12वें माह दो अंकों में रही थोक महंगाई ■ खुदरा मुद्रास्फीति 6.95 फीसद रही ■ तय सीमा से ज्यादा है खुदरा महंगाई

नई दिल्ली (भाषा)।

थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) मार्च में चार महीने के उच्च स्तर 14.55 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से कच्चे तेल और जिंसों की कीमतों तेजी के चलते हुई, जबकि इस दौरान सब्जियों की कीमतों में कमी दर्ज की गई।

सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2021 से लेकर लगातार 12वें महीने में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति दो अंकों में बनी हुई है। इससे पहले नवम्बर 2021 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति 14.87 प्रतिशत थी। फरवरी 2022 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति 13.11 प्रतिशत थी, जबकि मार्च 2021 में यह 7.89 प्रतिशत थी। समीक्षाधीन माह में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.06 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.19 प्रतिशत थी। इस दौरान सब्जियों की महंगाई दर 26.93 फीसद से घटकर 19.88 फीसद रही।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'मार्च 2022 में ऊंची मुद्रास्फीति मुख्य रूप से कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, मूल धातुओं आदि की कीमतों में वृद्धि के चलते रही। रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण भी महंगाई बढ़ी।' समीक्षाधीन माह में विनिर्मित वस्तुओं की मुद्रास्फीति 10.71 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 9.84 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति 34.52 प्रतिशत थी। कच्चे तेल की मुद्रास्फीति मार्च में बढकर 83.56 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 55.17 प्रतिशत थी।

आंकड़ों के मुताबिक मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 6.95 प्रतिशत रही। यह लगातार तीसरा महीना है, जब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति आरबीआई द्वारा तय छह प्रतिशत की सीमा से अधिक है।

रुपया छह पैसे कमजोर

मुंबई (भाषा)। विदेशों में अमेरिकी डालर को मिली मजबूती और कच्चे तेल के दामों में तेजी से सोमवार को रुपया डालर के मुकाबले छह पैसे की गिरावट के साथ 76.25 के भाव (अस्थायी) पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सप्ताह के पहले कारोबारी दिवस पर 76.41 के कमजोर स्तर पर खुला और आखिर में 76.25 के भाव पर बंद हुआ। इस तरह पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में रुपए में छह पैसे की गिरावट आई। कारोबार के दौरान रुपया 76.20 के उच्चस्तर और 76.43 के निचले स्तर तक गया। पिछले कारोबारी दिवस में रुपया चार पैसे की गिरावट से 76.19 रुपए प्रति डालर पर रहा था।

अशोक लेलैंड पुराने वाणिज्यिक वाहनों के कारोबार में उतरेगी

नई दिल्ली (भाषा)। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने वाणिज्यिक वाहनों के कारोबार में कदम रखने के लिए महिंद्रा फर्स्ट च्वॉइस (एमएफसीडब्ल्यूएल) के साथ करार किया है। इस साझेदारी के तहत एक फिजिटल मंच (भौतिक एवं डिजिटल दोनों सेवाएं देने वाला मंच) पुराने वाणिज्यिक वाहनों की अदला-बदली, उचित निस्तारण और खरीद की सुविधा देगा। कंपनी ने एक बयान में कहा, "इस श्रेणी में यात्रा की शुरुआत करने के साथ हमारा इरादा पुराने वाहनों के बाजार को डिजिटल पारिस्थितिकी का लाभ उठाते हुए व्यवस्थित करने का है।' अशोक लेलैंड में एमएचसीवी के प्रमुख संजीव कुमार ने कहा, 'अशोक लेलैंड और एमएफसीडब्ल्यू के बीच की साझेदारी के जरिए हम हमारे ज्ञान का उपयोग करते हुए ग्राहकों को व्यापक विकल्प मुहैया करवा सकेंगे।'

सेंसेक्स ने खाया गोता

■ 1172 अंक फिसलकर 57167 पर हुआ बंद

■ एनएसई का निफ्टी 302 अंक की गिरावट 17174 पर बंद

मुंबई (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,172.19 अंक का गोता लगाकर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले इन्फोसिस, एचडीएफसी लि. और एचडीएफसी बैंक में गिरावट के साथ बाजार नुकसान में रहा। यह लगातार चौथा कारोबारी सत्र है, जब बाजार नीचे आया है।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,172.19 अंक यानी 2.01 प्रतिशत लुढ़ककर 57,166.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,496.54 अंक यानी 2.56 प्रतिशत तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 302 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,173.65 अंक पर बंद हुआ।

नुकसान में रहने वाले सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, विप्रो और टीसीएस प्रमुख रूप से शामिल हैं। दूसरी तरफ एनटीपीसी, टाटा स्टील, मारुति, टाइटन, नेस्ले और महिंद्रा एंड महिंद्रा लाभ में रहने वाले शेयरों में शामिल हैं। इन्फोसिस के चौथी तिमाही के परिणाम के बाद कंपनी का शेयर 7.14 प्रतिशत नीचे आया। कंपनी का वित्तीय परिणाम बाजार की उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा। एचडीएफसी बैंक 4.53 प्रतिशत टूटकर 1,398.50 रुपए पर बंद हुआ। हालांकि शनिवार को की गई घोषणा के अनुसार निजी क्षेत्र के बैंक का शुद्ध लाभ मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में 22.8 प्रतिशत उछलकर 10,055.2 करोड़ रुपए रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध से वैश्विक आपूर्ति व्यवस्था बाधित होने के चलते कच्चे तेल और अन्य जिंसों के दाम बढ़ने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मार्च महीने में चार माह के उच्चस्तर 14.55 प्रतिशत पर पहुंच गई।

■ लगातार चौथे सत्र में आई गिरावट
■ इंफोसिस एचडीएफसी और विप्रो के शेयर टूटे
■ मारुति, टाइटन, नेस्ले के शेयर चढ़े

रियल्टी क्षेत्र में पीई निवेश 47% घटा

नई दिल्ली (भाषा)।

रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश इस साल जनवरी से मार्च की अवधि के दौरान 47 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक अरब डालर रह गया। संपत्ति सलाहकार कंपनी सावित्स इंडिया ने यह जानकारी दी।

पिछले साल की समान अवधि में रियल एस्टेट क्षेत्र में पीई निवेश 1.9 अरब डालर रहा था। वर्ष 2021 में अक्टूबर से दिसम्बर के बीच पीई निवेश 21.8 करोड़ डालर रहा था। सावित्स इंडिया ने एक बयान में कहा, '2022 के पहले तीन महीनों में सबसे अधिक तेजी वाणिज्यिक कार्यालय संपत्तियों में रही। कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी दोगुनेसे अधिक थी। तिमाही का सारा निवेश विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से आया।

कृषि क्षेत्र के लिए दो नए पोर्टल

नई दिल्ली (भाषा)। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को दो नए पोर्टल का शुभारंभ किया। इनमें से एक पोर्टल कीटनाशकों के पंजीकरण से संबंधित है। दूसरा पोर्टल, कृषि उत्पादों और पौधों के आयात और निर्यात के संबंध में दस्तावेजीकरण के लिए है।

मंत्री ने कारोबार सुगमता की स्थिति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पूसा परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में दो पोर्टल क्रॉप (कीटनाशकों का व्यापक पंजीकरण) और पीक्यूएमएस (प्लांट क्वारंटाइन मैनेजमेंट सिस्टम) पेश किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तोमर ने कहा कि निर्यात-आयात के लिए कीटनाशकों के पंजीकरण और प्रलेखन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए दो नए पोर्टल शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर व्यवस्था में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र के महत्व पर जोर देते हुए तोमर ने इस क्षेत्र को मजबूत करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि देश न केवल खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है, बल्कि अधिशेष स्टाक भी है जिसका श्रेय किसान समुदाय के प्रयासों, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध और सरकार की किसान-हितैषी नीतियों को जाता है।

मंत्री ने कहा कि देश का खाद्यान्न उत्पादन और सरकार का खरीद अभियान कोविड-19 महामारी के बावजूद प्रभावित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भारत को और भी मजबूत बनाने के लिए सरकारी नीतियों, शोध गतिविधियों, गुणवत्ता, पारदर्शिता और कारोबार सुगमता पर ध्यान देकर कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों ने बेहतर कृषि विपणन प्रणाली के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने तथा कृषि क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

राज्यों को फिर से तय करनी होगी खर्चों की प्राथमिकता

मुंबई (भाषा)। देश में कई राज्य किसान कर्ज माफी जैसी लोकलुभावन योजनाओं पर बहुत अधिक राशि खर्च कर रहे हैं। वहीं केंद्र से राज्यों को मिलने वाला माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजा आगामी जून में बंद होने जा रहा है, ऐसे में राज्यों को राजस्व प्राप्ति के अनुरूप अपने खर्चों में प्राथमिकता फिर से तय करनी होगी। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह कहा गया।

■ लोक लुभावन योजनाओं पर ज्यादा रकम खर्च कर रहे कई राज्य
■ जून से बंद होने जा रहा है केंद्र से मिलने वाला जीएसटी मुआवजा
■ ऐसे में अपने खर्च कम करने पर राज्यों को देना होगा ज्यादा ध्यान

भारतीय स्टेट बैंक में समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्या कांति घोष की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ मामलों में तो केंद्र की ओर से माल एवं सेवा कर राजस्व, राज्य के कर राजस्व के पांचवें हिस्से से कुछ अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य ऐसी मुफ्त योजनाओं पर खर्च कर रहे हैं जो आर्थिक रूप से वहनीय नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, तेलंगाना राजस्व प्राप्ति में से 35 प्रतिशत हिस्से को लोकलुभावन योजनाओं पर खर्च करेगा। वहीं राजस्थान, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और केरल का ऐसी योजनाओं पर पांच से 19 फीसद खर्च करने का विचार है। राज्यों के अपने कर राजस्व के लिहाज से देखा जाए, तो कुछ प्रदेशों में तो ऐसी योजनाओं पर 63 प्रतिशत खर्च करने की तैयारी है।

घोष ने कहा, 'साफ है कि राज्य अभी अपना पैर चादर से बाहर निकाल रहे हैं और यह अत्यंत जरूरी हो जाता है कि वे अपने खर्च की प्राथमिकताओं को राजस्व प्राप्तियों के हिसाब से तय करें।' इस बीच, कुछ राज्यों ने जीएसटी मुआवजा योजना की अवधि और पांच साल के लिए बढ़ाने की मांग की है। रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक महामारी के कारण राज्यों की वित्तीय स्थिति खराब हुई है। 18 राज्यों के बजट के आकलन में पता चला कि राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के प्रतिशत के रूप में औसत राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2021-2022 में 0.50 प्रतिशत बढकर चार प्रतिशत से अधिक हो गया है।

छह राज्यों में राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के चार फीसद से अधिक हो गया, सात राज्यों ने अपने बजट लक्ष्य को लांघा, जबकि 11 राज्य बीते वित्त वर्ष में अपने राजकोषीय घाटे को बजटीय आंकड़ों के बराबर या उससे कम रखने में सफल रहे। वृद्धि के परिदृश्य के लिहाज से रिपोर्ट में कहा गया कि आंध्र प्रदेश, असम, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल की वास्तविक जीएसडीपी वृद्धि देश की कुल जीडीपी वृद्धि से कहीं अधिक रही।

टाटा स्टील में शेयर विभाजन के प्रस्ताव पर होगा विचार

नई दिल्ली (भाषा)।

टाटा स्टील का निदेशक मंडल तीन मई को कंपनी के शेयरों को विभाजित करने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा है कि उसके निदेशक मंडल की तीन मई को होने वाली बैठक में 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए वित्तीय नतीजों पर विचार किया जाएगा।

कंपनी ने कहा कि बैठक में 10 रुपये अंकित मूल्य के शेयर को निदेशक मंडल द्वारा तय तरीके से विभाजित करने पर विचार किया जाएगा। इसके लिए नियामकीय मंजूरियों के अलावा शेयरधारकों की मंजूरी भी ली जाएगी। बैठक में निदेशक मंडल वित्त वर्ष 2021-22 के लिए लाभांश की भी सिफारिश कर सकता है।

कोयला भंडार घटने से बारह राज्यों में बिजली संकट की आशंका

■ अखिल भारतीय बिजली इंजीनियर महासंघ ने दी चेतावनी ■ कहा, बिजली की मांग 38 वर्षों के उच्च स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली (भाषा)।

अखिल भारतीय बिजली इंजीनियर महासंघ (एआईपीईएफ) ने सोमवार को चेतावनी दी कि तापीय बिजली घरों को चलाने के लिए 12 राज्यों में 'कोयले के कम भंडार' की स्थिति की वजह से बिजली संकट पैदा हो सकता है।

महासंघ ने एक बयान में कहा कि अक्टूबर, 2021 से ही देश के 12 राज्यों में कोयला आपूर्ति का संकट देखा जा रहा है।

एआईपीईएफ ने कहा, 'हमने घरेलू तापीय बिजली संयंत्रों को चलाने के लिए जरूरी कोयला भंडार में कमी की तरफ केंद्र एवं राज्यों की सरकारों का ध्यान आकृष्ट किया है। हमने चेतावनी दी है कि 12 राज्यों में बिजली संकट पैदा होने का खतरा मंडरा रहा है।'

महासंघ के प्रमुख शैलेंद्र दुबे ने कहा कि तापीय विद्युत संयंत्रों में बिजली पैदा करने के लिए जरूरी मात्रा में कोयला स्टाक नहीं रहने से यह संकट गहरा सकता है।

खासतौर पर देशभर में गर्मियों के दौरान बिजली की बढ़ती मांग को

देखते हुए इसका खतरा और बढ़ गया है।

अप्रैल महीने के पहले पखवाड़े में ही घरेलू स्तर पर बिजली की मांग बढ़कर 38 साल के उच्चस्तर पर पहुंच गई है। दुबे ने कहा कि अक्टूबर 2021 में बिजली की आपूर्ति मांग से 1.1 प्रतिशत कम थी, लेकिन अप्रैल, 2022 में यह फासला बढ़कर 1.4 फीसद हो गया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, झारखंड एवं हरियाणा जैसे राज्यों में बिजली कटौती होने लगी है।

उत्तर प्रदेश में भी बिजली की मांग बढ़कर 21,000 मेगावाट पर पहुंच गई है लेकिन आपूर्ति सिर्फ 19,000-20,000 मेगावाट की ही हो रही है। उन्होंने मौजूदा स्थिति में सरकार से तापीय विद्युत संयंत्रों में कोयला आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार को इसके लिए फौरन जरूरी कदम उठाने चाहिए।

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित अनपरा तापीय बिजली परियोजना में 5.96 लाख टन कोयले का स्टाक होना चाहिए लेकिन अभी उसके पास सिर्फ 3.28 लाख टन कोयला ही है।

पीएनबी हाउसिंग के सीटीओ बने अनुभव

नई दिल्ली (वार्ता)।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) हाउसिंग फाइनेंस ने कंपनी में तकनीकी और डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए अनुभव राजपूत को मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। राजपूत, फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के साथ व्यापार में वृद्धि के लिए एक स्थायी योजना बनाने के लिए भी जिम्मेदार होंगे।

पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ हरदयाल प्रसाद ने कहा, 'हमें अनुभव राजपूत का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, वह डिजिटल और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में दो दशकों से अधिक का अनुभव लेकर आए है।



राजकुमार ने पूरी की 'हिट- द फर्स्ट केस' की शूटिंग ...

मुंबई। अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने अपनी आगामी फिल्म 'हिट- द फर्स्ट केस' की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'हिट- द फर्स्ट केस' का निर्माण भूषण कुमार, दिल राजू, कृष्ण कुमार और कुलदीप राठौर कर रहे हैं। यह फिल्म इसी नाम से 2020 में बनी तेलुगु हिट फिल्म का हिंदी रीमेक है। प्रोडक्शन कंपनी टी-सीरीज के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर शूटिंग पूरी होने के बाद कलाकारों और फिल्म के सेट पर काम करने वाले अन्य सदस्यों की सामूहिक तस्वीरें पोस्ट कर यह जानकारी दी गई।



हॉलीवुड मसाला

धूम मचाने तैयार है बैटमैन

लॉस एंजिलिस। रॉबर्ट पैटिनसन स्टारर द बैटमैन पहले ही सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार भी किया है। अब इसी बीच बैटमैन के प्रशंसकों के लिए एक और खुशखबरी है। जल्दी ही ये फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म पर भी रिलीज होने वाली है। फिल्म रिलीज की तारीख भी सामने आ चुकी है। जिन लोगों ने अभी तक यह फिल्म सिनेमाघरों में जाकर नहीं देखी है, तो वह अब इसे जल्दी अपने मोबाइल फोन की स्क्रीन पर देखने के लिए तैयार हो जाएं।

लाइफ Style

सुहाना 'आर्चीज' की शूटिंग आरंभ

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान की डेब्यू फिल्म 'द आर्चीज' की शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म का डायरेक्शन जोया अख्तर कर रही हैं। इस फिल्म के जरिए अगस्त्य नंदा और खुशी कपूर भी डेब्यू करने जा रहे हैं।

पिछले काफी समय से शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के बॉलीवुड डेब्यू का इंतजार किया जा रहा है। वह जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से डेब्यू करने जा रही हैं। फाइनली इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। रीमा कागती के प्रॉडक्शन तले बन रही इस फिल्म में सुहाना खान के अलावा अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर और वेदांग रैना भी नजर आने वाले हैं। रीमा कागती ने क्लैप बोर्ड की तस्वीर शेयर करते हुए सोमवार से 'द आर्चीज' की शूटिंग शुरू होने की घोषणा कर दी है। 'द आर्चीज' में सुहाना खान वेरोनियाक लॉज, अगस्त्य आर्ची एंड्रयू, खुशी बैटी कूपर और वेदांग जगहेड जोन्स के किरदार में नजर आने वाले हैं। इस म्यूजिकल फिल्म के जरिए ये चारों ही अपना बॉलिवुड डेब्यू करेंगे। 'द आर्चीज' अमेरिकन टीन ड्रामा 'रिवरडेल' का हिंदी अडैप्टेशन है। हालांकि इसे बिल्कुल ही अलग इंडियन ऑडियंस के लिए देसी ट्विस्ट के साथ बनाया जाएगा। अभी तक डायरेक्टर जोया अख्तर ने ऑफिशली अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट की स्टारकास्ट की अनाउंसमेंट नहीं की है। जोया ने इससे पहले 2021 में इस बारे में बात करते हुए कहा था कि वह 'द आर्चीज' बनाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

वेब सीरीज 'ब्राउन' में आएंगी नजर...

मुंबई। अभिनेत्री करिश्मा कपूर वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आएंगी। इसका निर्देशन अभिनय देव करेंगे। यह सीरीज अभीक बरुआ की किताब 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित है। इसका निर्माण 'जी स्टूडियो' द्वारा किया जाएगा। करिश्मा इसमें एक जासूस की भूमिका में नजर आएंगी। उन्होंने एक बयान में कहा, 'ब्राउन' की कहानी न केवल रोमांचक है, बल्कि एक कलाकार के लिए काफी चुनौतीपूर्ण भी है और इसलिए ही मैं इसकी ओर आकर्षित हुई। मैं शूटिंग करने को लेकर काफी उत्साहित हूं।' निर्देशक देव ने कहा, 'ब्राउन' एक बहुत ही अच्छी तरह से गढ़ी गई कहानी है, जो मुझे लोगों की मानसिकता और रिश्तों की गहराई में उतरने का मौका देती है।' वेब सीरीज 'ब्राउन' की शूटिंग इस महीने शुरू होगी।

आरआरआर ने तोड़ा रिकॉर्ड कमाए 751 करोड़

मुंबई। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। महामारी के बाद रिलीज फिल्मों में यह अब हिंदी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। यही नहीं, आरआरआर ने 24 दिनों में देशभर में 751 करोड़ रुपए से अधकि की कमाई कर ली है। बॉक्स ऑफिस पर जहां एक ओर केजीएफ चेप्टर 2 तूफान बनकर कमाई कर रही है, वहीं राम चरण और जूनियर एनटीआर की आरआरआर रिलीज के 24 दिन बाद भी टिकट खड़िकी पर टिकी हुई है। इस फिल्म ने 24 दिनों में सिर्फ हिंदी वर्जन से 251.22 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। महामारी के बाद रिलीज फिल्मों में 'द कश्मीर फाइल्स' 251 करोड़ रुपए के कारोबार के साथ अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी।

पहले से कहीं ज्यादा डरावना होने वाला है चौथा सीजन...

लॉस एंजिलिस। स्ट्रेंजर थिंग्स नेटफिलक्स की बेहद चर्चित सीरीज है। फैंस इसके चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। नेटफिलक्स ने इसके चौथे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया है और इसकी रिलीज डेट के बारे में भी जानकारी दी है। स्ट्रेंजर थिंग्स का चौथा सीजन दो पार्ट में रिलीज किया जाएगा। चौथे सीजन में कुल 9 एपिसोड होने वाले हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। चौथे सीजन का वॉल्यूम दो 1 जुलाई को अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज होगा। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए ट्रेलर के बारे में नेटफिलक्स ने लिखा है- क्या आप इसे सुन सकते हैं? ये हमारे चिल्लाने की आवाज है। नेटफिलक्स ने आगे लिखा- स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 4 वॉल्यूम वन 27 मई को आ रहा है।

टीवी मसाला



मनस्वी ने छोड़ा 'इमली' का साथ

मुंबई। मनस्वी विशिष्ठ को 'इश्क में मरजावां 2' में दर्शकों ने खूब पसंद किया गया था। लेकिन उसमें वह नेगेटिव करिदार निभा रहे थे। फिर उन्हें स्टार प्लस के पॉप्युलर टीवी शो 'इमली' में आदित्य का किरदार निभाते हुए देखा गया। लेकिन बाद में उन्होंने इस शो को भी अलविदा कह दिया। स्टार प्लस के पॉप्युलर टीवी शो 'इमली' में आए दिन नए ट्विस्ट आ रहे हैं। जहां शो में आर्यन और इमली ही स्क्रीन पर नजर आ रहे हैं। वहीं आदित्य लंबे समय से गायब हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आदित्य ने एक बार फिर शो को टाटा, बाय-बाय कह दिया है। मनस्वी विशिष्ठ ने गश्मीर महाजनी को रिप्लेस किया था। लेकिन उन्होंने भी तीन महीने के अंदर ही शो से जाने का फैसला कर लिया। गशमीर तो इसलिए 'इमली' से गए क्योंकि उन्हें दूसरे प्लेटफॉर्म पर अपनी किस्मत चमकानी थी। वहीं, मनस्वी की वजह शो के किरदार से है। उनका कहना है कि जिस तरह से आदित्य को दिखाया जा रहा है, वह उससे नाखुश हैं। मनस्वी ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया, 'मेकर्स से बात हुई और उन्होंने मुझे जाने दिया। जब मैंने शो साइन किया था, तब मैंने शुरू के कुछ एपिसोड्स देखे थे और ये महसूस किया था आदित्य, मालिनी और इमली तीनों सेंट्रल कैरेक्टर्स हैं।

कृति-कार्तिक से कर रही हैं डेटिंग

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कृति सैनन बॉलीवुड के फेवरेट ऑन स्क्रीन कपल हैं। उन दोनों की क्यूट केमेस्ट्री लोगों का दिल जीत लेती है। एक बार फिर इन दोनों को लेकर डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गई हैं खासकर ऐक्टर्स ने इस बार खुद लोगों को हिंट दिया है। रोमांटिक फ्लिक 'लुका चुप्पी' में एक साथ काम करने के सालों बाद कार्तिक आर्यन और कृति सैनन अपनी अगली फिल्म 'शहजादा' के लिए फिर से टीम बनाने के लिए तैयार हैं। दोनों हाल ही में एक्शन-एंटरटेनर के शेड्यूल के लिए मॉरीशस में थे और फैंस के पास अब यह मानने का कारण है कि इन दोनों के बीच चिंगारी सिर्फ स्क्रीन पर नहीं उड़ती बल्कि रियल लाइफ में भी ये साथ हैं। कुछ वक्त पहले कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टा पर कृति के साथ एक बेहद प्यारी फोटो शेयर की जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मॉरीशस में इस क्यूट लड़की से मिला।' अपने शेड्यूल शूट को पूरा करने के बाद दोनों मुंबई लौट आए और अपनी पोस्ट से सभी को हैरान कर दिया। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कार्तिक और कृति ने अपनी कार की सवारी से एक जगह का एक वीडियो भी शेयर किया। उनकी क्लिप में दोनों मस्ती करते नजर आ रहे थे। हालांकि, वीडियो कृति बना रही थी और फिर कार्तिक ने कहा- मैं टैन क्यों दिख रहा हूं? इस पर कृति बोलीं- क्योंकि आप हो। और फिर दोनों हंसने लगे। इस वीडियो के कॉमेंट सेक्शन में फैंस ने उन्हें डेट करने की सलाह दी। एक फैन ने लिखा, 'एक-दूसरे को डेट करना शुरू करें, हमें अच्छा लगेगा।'

बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए शेयर कीं तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर इन दिनों अपना प्रेग्नेंसी फेज एन्जॉय कर रही हैं। बीते महीने ही अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा करने वाली अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। फैंस के साथ इस खुशखबरी को शेयर करने के बाद से ही सोनम लगातार सोशल मीडिया पर अपने तस्वीर साझा करती रहती हैं। इसी क्रम में अब एक्ट्रेस ने हाल में अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की गईं इन तस्वीरों में सोनम अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आईं। एक्ट्रेस ने अपनी कुल पांच तस्वीरें शेयर की हैं। सामने आईं इन तस्वीरों में सोनम कपूर पारदर्शी काले रंग के आउटफिट में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अलग-अलग पोज देती दिख रही हैं। एक्ट्रेस इस फोटोज में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

फूल-सी बेटी को सीने से चिपकाए मनाया बर्थडे

मुंबई। देबिना बनर्जी 18 अप्रैल को अपना 35वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी बच्ची के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसमें वह बेटी लियाना के साथ नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने बेटी के लिए एक प्यारा सा कैप्शन भी लिखा है। देबिना बनर्जी शादी के 11 साल बाद 3 अप्रैल 2022 को मां बनी हैं। वह और गुरमीत चौधरी दोनों ही पैरेंट्स बनने के बाद बेहद खुश हैं। उनकी खुशी उनके हर सोशल मीडिया पोस्ट पर साफ-साफ झलकती भी है। कभी वह उन्हें लोरी सुनाते हुए नजर आती हैं तो कभी उसे सीने से चिपकाए दिखाई देती हैं। कभी कपल उनके लिए घर में पूजा रखता है तो कभी नामकरण होने बाद की तस्वीर शेयर करता है। अब ऐसे में टीवी ऐक्ट्रेस ने एक और इंस्टा पोस्ट किया है।

कभी बांसुरी खरीदने को नहीं थे पैसे

इंडियाज गॉट टैलेंट विनर बने मनुराज

नई दिल्ली। टीवी के पुराने और पॉपुलर रियलिटी शोज में से एक इंडियाज गॉट टैलेंट का फिनाले हाल ही में हुआ। इस मौके पर कंटेस्टेंट्स और जजेस ने शानदार परफॉर्मेंस कर फैंस का फुल एंटरटेनमेंट किया। शो में हीरोपंती 2 की कास्ट भी पहुंची। टाइगर श्रॉफ फिनाले में तारा सुतारिया संग नजर आए। इस बार की ट्रॉफी बीटबॉक्सर दिव्यांश कचोलिया और बांसुरीवादक मनुराज सिंह राजपूत ने जीती। दोनों की जुगलबंदी को खूब पसंद किया गया। हालिया इंटरव्यू में दिव्यांश और मनुराज ने अपने दिल की बात कही और अपने स्ट्रगल्स के बारे में बताया। दिव्यांश ने कहा, हम दोनों एक दूसरे से काफी अलग हैं। कई सारे ऐसे ऑकेजन्स आए जब मनु भैया ने मेरे साथ काफी एडजस्ट करने की कोशिश की। लेकिन एक वो चीज जो हम दोनों के बीच एकदम कॉमन है वो है म्यूजिक को लेकर पैशन। जब हमलोग इस शो में आए तो हमारा मकसद इसे जीतना नहीं था। हमारा मकसद था लोगों तक पहुंचना और उन्हें उस म्यूजिक से फैमिलियर कराना जो हम बनाते हैं। एक बीटबॉक्सिंग और एक क्लासिकल म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट की जुगलबंदी।



ओवरटाइम कर के खरीदी पहली बांसुरी

मनुराज ने कहा, मुझे याद है कि मैं हर महीने 1000-1200 रुपए कमाता था और मुझे अपनी पहली बांसुरी खरीदनी थी जो उस समय करीब 4000 रुपए की थी। मुझे बांसुरी खरीदने के लिए एक्स्ट्रा जॉब भी करनी पड़ी। वहीं दिव्यांश ने इस बारे में कहा, बीटबॉक्सिंग किसी भी फैमिली के लिए सीरियस करियर ऑप्शन नहीं लगता। ये बहुत अलग है। लेकिन मैंने कभी गिवअप नहीं किया। मैंने अपनी स्किल्स पर काफी वर्क किया और अभी भी करता हूं। अगर हमारी कहानी किसी के लिए प्रेरणा बन जाती है तो इससे बड़ी अचीवमेंट हमारे लिए भला क्या होगी।

फिनाले से पहले नहीं आई नींद

मनुराज ने कहा, फिनाले एपिसोड से पहले कई दिनों तक हम सो नहीं पाए। हम अपना बेस्ट देना चाहते थे और हमारी एक्साइटमेंट का लेवल बहुत अलग था। शो जीतने के बाद हमें जैसा प्यार और सम्मान मिल रहा है उसके लिए हम तहे दिल से आभारी हैं।

ट्रॉफी के साथ मिली चमचमाती कार और 20 लाख रुपए

सालों से लोगों को एंटरटेन करने वाले शो इंडियाज गॉट टैलेंट के 9वें सीजन ने भी खूब धमाल मचाया। रविवार रात ही इस शो का ग्रैंड फिनाले हुए है। इस शो के फिनाले में दिव्यांश और मनुराज की जोड़ी ने हर किसी को पीछे छोड़कर विनर का खिताब अपने नाम कर लिया है। इंडियाज गॉट टैलेंट की चमचमाती ट्रॉफी के साथ ही दिव्यांश-मनुराज को एक कार और 20 लाख रुपए प्राइज मनी के तौर पर मिले हैं। शो की पहली रनर अप रही इशिता विश्वकर्मा को 5 लाख रुपए मिले हैं तो वहीं दूसरे रनर अप बम फायर क्रू ग्रुप को भी मेकर्स की ओर से 5 लाख रुपए इनाम के तौर पर मिले हैं।

आमिर ने अपनी फैन का सपना किया साकार...

मुंबई। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रूही दोसानी देश भर में फेमस हैं। उनके लाखों फैंस उन्हें खूब पसंद करते हैं। लेकिन रूही के कुछ और ही सपने हैं और उनका सबसे बड़ा सपना था ऐक्टर आमिर खान से मिलना जो अब जाकर पूरा हुआ है। क्योंकि उन्होंने ऐक्टर के साथ बैसाखी मनाई। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रूही दोसानी के देश भर में फैंस हैं जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए उनसे जुड़े हुए हैं। लेकिन रूही की सुपरस्टार आमिर खान की सबसे बड़ी फैन हैं और उनसे काफी इंस्पायर भी हैं। जाहिर है कि आमिर की फैन होने के नाते रूही उनसे मिलने की इच्छा भी रखती होंगी। हाल ही में रूही दोसानी का यह सपना सच हो गया क्योंकि उन्हें अपने परिवार के साथ सुपरस्टार आमिर खान के घर पर बैसाखी सेलिब्रेट करने के लिए इनवाइट किया गया था। ऐसे में रूही 7 समंदर पार कनाडा से अपने परिवार के साथ सोलर न्यू ईयर और हार्वेस्ट फेस्टिवल सेलिब्रेट करने भारत आईं।

परिसर से बाहर न गूंजे माइक के स्वर, अराजक तत्वों की समाज में कोई जगह नहीं : सीएम योगी

लखनऊ। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी में धार्मिक शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसक घटना के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सूबे में धार्मिक आयोजनों को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के आदेश दिए हैं। उन्होंने 4 मई तक पुलिस व प्रशासन के अफसरों की छुट्टी रद्द कर दी है। साथ ही माइक की आवाज को धार्मिक परिसरों तक ही सीमित करने को कहा है। योगी ने सोमवार की रात पुलिस व प्रशासन के शासन से लेकर मंडल तक के आला अफसरों संग विडियो कान्फ्रेंसिंग की। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ तय स्थान पर ही हों। सड़क मार्ग, यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो। अपनी धार्मिक विचारधारा के अनुसार सभी को अपनी उपासना पद्धति को मानने की स्वतंत्रता है। माइक का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन यह सुनिश्चित हो कि माइक की आवाज उस परिसर से बाहर न आए। अन्य लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। नए स्थलों पर माइक लगाने की अनुमति न दें।

योगी ने कहा कि कोई शोभायात्रा या धार्मिक जुलूस बिना अनुमति के न निकाली

जाए। अनुमति देने से पूर्व आयोजक से शांति-सौहार्द कायम रखने के संबंध में शपथ पत्र लिया जाए। अनुमति केवल उन्हीं धार्मिक जुलूसों को दिया जाए, जो पारंपरिक हों, नए आयोजनों को अनावश्यक अनुमति न दी जाए। हालिया दिनों में विभिन्न धर्मों के कई पर्वों का आयोजन हुआ। यह सुखद है कि पूरे प्रदेश में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा। प्रदेश में हर एक नागरिक की सुरक्षा हम सभी का प्राथमिक दायित्व है। हमें अपने इस दायित्व के प्रति सदैव सतर्क रहना होगा। योगी ने कहा कि आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व-त्योहार हैं। रमजान का महीना चल रहा है। ईद का त्योहार और अक्षय तृतीया एक ही दिन हो सकता है। इसलिए, पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। थानाध्यक्ष से लेकर एडीजी तक अगले 24 घंटे के भीतर अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। एसओ, सीओ और पुलिस कप्तान से लेकर जिलाधिकारी, मंडलायुक्त तक सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की 4 मई तक छुट्टी निरस्त रहेगी। जो छुट्टी पर हैं, अगले 24 घंटे के भीतर तैनाती स्थल पर वापस लौटें। सीएम कार्यालय इसकी मॉनिटरिंग करे।

सीएम ने कहा कि हर एक पर्व शांति से संपन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों के लिहाज से सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों, माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए। ऐसे लोगों के लिए सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। ड्रोन का उपयोग कर स्थिति पर नजर रखें। रोज शाम पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग जरूर करे। पीआरवी 112 एक्टिव रहे।

भाजपा और एमएनएस के कारण शिवसेना प्रमुख उद्धव हिंदुत्व के मुद्दे पर बरत रहे खास सावधानी

मुंबई। महाराष्ट्र में मस्जिदों में लाउडस्पीकर हटाने को लेकर उठे विवाद के बाद सियासी घमासान जारी है। वहीं हिंदुत्व के मुद्दे को लेकर भी गर्मा गर्मी के बीच राज्य की महाविकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे हर मुद्दे पर फूंक-फूंक कर कदम रखते नजर आ रहे हैं। इसका उदाहरण 13 विपक्षी नेताओं की तरफ से हस्ताक्षर किए पत्र को माना जा सकता है, जिसमें मुख्यमंत्री ठाकरे शामिल नहीं थे। विपक्षी पार्टियों ने देश में हो रही सांप्रदायिक घटनाओं को लेकर यह पत्र केंद्र को लिखा था। हालांकि, इससे पहले भी शिवसेना ने अपना आधार बचाने के लिए ऐसी ही बातें कही हैं। उदाहरण के तौर पर बीते नवंबर में अमरावती में मुस्लिम रैली के चलते भड़के दंगे के बाद भाजपा ने बंद बुलाया था। इससे एक और दंगा हुआ, लेकिन सेना के पदाधिकारी ने भाजपा के बंद में हिस्सा लिया था। धार्मिक कामों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति को पेश कर एमवीए सरकार अपना रुख स्पष्ट कर रही है। यह पार्टी के अपने उस मत से हटने को दिखाता है, जहां उसका कहना था कि वे मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे। सोमवार को राज्य के गृहमंत्री दिलीप वसे पाटिल ने कहा था कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर को लेकर मुंबई पुलिस आयुक्त जल्द ही नीति तैयार करेंगे और अधिसूचना या दिशा निर्देश 1-2 दिन में जारी हो जाएंगे। उन्होंने इस मुद्दे पर सीएम ठाकरे से भी मुलाकात की थी। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी इस मामले पर बैठक करने जा रहे हैं। पार्टी के लोगों का कहना है कि मस्जिदों और दूसरे धार्मिक स्थानों को परमिट के लिए आवेदन के जरिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को नियमित करने की योजना थी।

एटीएस की पूछताछ के बाद घर लौटे मुर्तजा के मां-बाप पुलिस ने सौंपी चाबी

लखनऊ। गोरखनाथ मंदिर पर सुरक्षाकर्मियों पर हमले के आरोपी अहमद मुर्तजा अब्बासी के जेल जाने के बाद उसके मां-बाप भी घर आ गए। पुलिस ने उनके घर की चाबी सौंप दी है। उनसे एटीएस लखनऊ में पूछताछ कर रही थी। उधर, गोरखपुर जेल में बंद मुर्तजा की दिनचर्या सोमवार को भी सामान्य रही। जेल में उससे मिलने कोई नहीं गया। मुर्तजा को जेल प्रशासन ने हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा है। उसकी विशेष निगरानी की जा रही है। गोरखनाथ मंदिर पर तैनात सुरक्षा कर्मियों पर हमले के आरोपित अहमद मुर्तजा अब्बासी को शनिवार को एटीएस ने गोरखपुर कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में लेते हुए उसे गोरखपुर जेल भेज दिया। मुर्तजा पर एटीएस ने यूपी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। अब गोरखपुर कोर्ट से केस जल्द यूपी एक्ट की सुनवाई करने वाले विशेष कोर्ट के लिए ट्रांसफर होने का इंतजार है। फिलहाल केस ट्रांसफर होने से पहले उसे गोरखपुर जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। मुर्तजा को एटीएस ने जब अपनी कस्टडी में लिया था उसके अगले दिन उसके मां-बाप को भी पूछताछ के लिए बुलाया था। छह अप्रैल से लेकर मुर्तजा के जेल जाने तक दोनों लखनऊ में ही मौजूद रहे। एटीएस उन्हें पूछताछ के लिए बुलाती रही। इस बीच एटीएस ने बैंक डिटेल के साथ अन्य जानकारियां मुर्तजा के पिता से जुटाई,उनका बयान भी दर्ज किया। मुर्तजा के जेल जाने के अगले दिन उसके मां-बाप भी गोरखपुर स्थित अपने घर लौट आए। उनके घर की चाबी कैंट पुलिस के पास थी। लिहाजा पहला दिन उन्होंने अपने भाई के घर बिताया, इसके अगले दिन पुलिस ने उन्हें घर की चाबी दे दी।

दो साल बाद स्वस्थ नहीं हुए कोरोना संक्रमितों के लिवर

गोरखपुर। दो साल पहले कोरोना की पहली लहर में संक्रमित हुए मरीजों का लिवर अब तक पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो सका है। गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज में नियमित इलाज और निगरानी से अब इनकी पाचन क्षमता में सुधार आया है। आंतों के अंदर बने घाव भर गए हैं। लिवर में एंजाइम पर्याप्त बनने से दिक्कतें कम हुई हैं। मेडिसिन विभाग नियमित फॉलोअप के जरिए इन मरीजों पर अध्ययन कर रहा है। बीआरडी के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज फॉलोअप में पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में भोजन सही से न पचने की समस्या बनी है। पेट फूलने और मसालेदार खाने पर पेट भारी होने की समस्या लेकर मरीज बीआरडी पहुंच रहे हैं। मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजकिशोर सिंह ने बताया कि पहली लहर में कोविड आईसीयू में भर्ती 22 मरीजों में आंतों के संक्रमण के लक्षण मिले हैं। इनमें से 10 मरीज पेट दर्द और पेट फूलने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उनकी शिकायत थी कि खाना पच नहीं रहा है। कुछ मरीजों को खून की उल्टी हुई। डॉ. राजकिशोर के मुताबिक दूसरी लहर में पेट में संक्रमण के मामले करीब चार गुना बढ़ गए।

तीसरी लहर में भी लोगों में कोविड संक्रमण के कारण पेट में दर्द, भारीपन, उल्टी-दस्त की समस्या हुई थी। इनमें से करीब 80 मरीज फॉलोअप में आ रहे हैं। दो साल से नियमित इलाज के बाद इनकी पाचन क्षमता काफी बेहतर हुई है। आंतों के अंदर बने घाव भर गए हैं। लिवर में एंजाइम पर्याप्त बन रहा है। बीआरडी के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज फॉलोअप में पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में भोजन सही से न पचने की समस्या बनी है। पेट फूलने और मसालेदार खाने पर पेट भारी होने की समस्या लेकर मरीज बीआरडी पहुंच रहे हैं। मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजकिशोर सिंह ने बताया कि पहली लहर में कोविड आईसीयू में भर्ती 22 मरीजों में आंतों के संक्रमण के लक्षण मिले हैं। इनमें से 10 मरीज पेट दर्द और पेट फूलने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उनकी शिकायत थी कि खाना पच नहीं रहा है। कुछ मरीजों को खून की उल्टी हुई। डॉ. राजकिशोर के मुताबिक दूसरी लहर में पेट में संक्रमण के मामले करीब चार गुना बढ़ गए। तीसरी लहर में भी लोगों में कोविड संक्रमण के कारण पेट में दर्द, भारीपन, उल्टी-दस्त की समस्या हुई थी। इनमें से करीब 80 मरीज फॉलोअप में आ रहे हैं। दो साल से नियमित इलाज के बाद इनकी पाचन क्षमता काफी बेहतर हुई है। आंतों के अंदर बने घाव भर गए हैं। लिवर में एंजाइम पर्याप्त बन रहा है।

योगी सरकार श्रमिकों को बिना सिक्योरिटी देगी एक लाख तक ऋण

लखनऊ। योगी सरकार का अपने दूसरे कार्यकाल में गरीबों और श्रमिकों पर फोकस है। चुनावी वायदे के अनुरूप सरकार श्रमिकों को एक लाख तक का ऋण उपलब्ध कराएगी। इसके लिए किसी सिक्योरिटी (गारंटी) की जरूरत नहीं होगी। इस सुविधा के तहत सरकार पंजीकृत कामगारों को श्रमिक क्रेडिट कार्ड देगी। भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र में किए गए इस वादे को पूरा किए जाने के लिए श्रम विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। विधानसभा चुनाव से ऐन पहले योगी सरकार ने पंजीकृत श्रमिकों के लिए 500 रुपये मासिक भत्ते का ऐलान किया था। हालांकि यह व्यवस्था चार महीने के लिए ही की गई थी। मगर इसका नतीजा यह हुआ कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने की होड़ मच गई। विभाग के सामने केंद्र द्वारा दिया गया 6 करोड़ 30 लाख पंजीकरण का टारगेट ही पहाड़ सा था, मगर भत्ते के फेर में रजिस्ट्रेशन 8 करोड़ 26 लाख पर जा पहुंचे। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में श्रमिकों से कई वादे किए हैं। इसमें उनके बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालयों के निर्माण के अलावा स्नातक तक की मुफ्त शिक्षा, बेटियों की शादी के लिए अनुदान राशि बढ़ाकर एक लाख किए जाने, सभी निर्माण श्रमिकों को मुफ्त बीमा, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का विस्तार करते हुए मुफ्त कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाना शामिल है। इसके अलावा उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद करने के लिए एक लाख तक कोलैटरल फ्री (गारंटी रहित) ऋण उपलब्ध कराया जाना है।

आतंकवादियों ने आरपीएफ के अधिकारियों पर गोलीबारी की, हेड कांस्टेबल शहीद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के काकापोरा इलाके में आतंकवादियों ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारियों पर गोलीबारी की। गोलीबारी में एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गए, जबकि एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) जख्मी हो गए। जिसके तुरंत बाद सुरक्षाकर्मियों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि दक्षिण-कश्मीर के पुलवामा में काकापोरा रेलवे स्टेशन के बाहर आतंकी हमले में जख्मी हुए रेलवे सुरक्षा बल के हेड कांस्टेबल सुरिंदर कुमार शहीद हो गए, जबकि सहायक उप निरीक्षक देवराज कुमार जख्मी हो गए। मामला दर्ज.कर जांच शुरू की गई और पूरे इलाके को घेर लिया गया है। इस संबंध में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का बयान सामने आया है। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बलों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की।

मोदी सरकार अपनी नाकामी को छुपाने हिंदू-मुस्लिम का विवाद पैदा कर रही

मुंबई। केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। देश में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और श्रमिकों के मुद्दों से निपटने में मोदी सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई है। मोदी सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए समाज में हिंदू-मुस्लिम को बांट कर विवाद खड़ा कर रही है। मोदी सरकार पर यह हमला महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने किया है। उन्होंने मांग की है कि राज्य सरकार को महाराष्ट्र में इस तरह की धार्मिक दरार पैदा करने वाली सभी नेताओं की सभा को बैन कर देना चाहिए। पटोले ने कहा कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी और बेतहाशा महंगाई से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक मुद्दे उठाकर सामाजिक समरसता, शांति और सद्भाव को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। हमारे देश का संविधान सभी को अपने धर्म को मानने और इसके अनुसार पूजा और इबादत करने की आजादी देता है। उन्होंने कहा कि मैं एक हिंदू हूं और हर दिन हनुमान चालीसा का पाठ करता हूं, लेकिन मैं कभी इसका ढिंढोरा पीटकर प्रचार नहीं करता हूं। हमें प्रार्थना करने के लिए किसी की अनुमति की

आवश्यकता नहीं है। हम कहते हैं कि सभी धर्म समान हैं और सभी को एक-दूसरे के धर्म का आदर करना चाहिए। जो लोग दूसरों के धर्म की आलोचना कर रहे हैं, वे संविधान को नहीं मानते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटोले ने कहा भाजपा का एजेंडा धार्मिक नफरत फैलाना और मुख्य मुद्दे से लोगों का ध्यान हटाना है लेकिन लोग उनके एजेंडे के शिकार नहीं होने वाले हैं। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के बारे में पूछने पर पटोले ने कहा कि नेता विपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने पहले मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे को सुपारीबाज कहा था। अब फडणवीस ही बता सकते हैं कि राज ठाकरे ने किसकी सुपारी ली है। दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश में कानून हाथ में लेकर दंगे हुए हैं। वहां सबने देखा है कि इसके पीछे लोग कौन थे। महाराष्ट्र में भी ऐसा ही करने का प्रयास किया गया, लेकिन महाराष्ट्र की सक्षम सरकार ने उनके इरादों को विफल कर दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार को सभी धर्मों के धर्मगुरुओं को चर्चा के लिए बुलाना चाहिए और उचित फैसला लेना चाहिए और महाराष्ट्र को बदनाम करने वाले धर्म के ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

वियतनाम गए संसदीय प्रतिनिधि मंडल में सांसद हरनाथ सिंह भी शामिल

मैनपुरी। भारत और वियतनाम के संबंधों और मजबूती देने के लिए एक संसदीय प्रतिनिधि मंडल वियतनाम भेजा गया है। इसमें मैनपुरी के राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव को भी शामिल किया गया है। दल के अन्य सांसदों के साथ मिलकर वे भारत और वियतनाम के आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने का काम करेंगे।केंद्र सरकार द्वारा 19 से 22 अप्रैल के लिए एक संसदीय दल वियतनाथ भेजा गया है। सोमवार शाम को दिल्ली से ये दल वियतनाम के लिए रवाना हो गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के नेतृत्व में भेजे गए प्रतिनिधि मंडल में चार लोकसभा और दो राज्यसभा सदस्यों को भी शामिल किया है। मूल रूप से जिले के निवासी और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव भी वियतनाम जाने वाले संसदीय दल का हिस्सा हैं। ये संसदीय दल वियतनाम में राष्ट्रपति के साथ सेक्रेटरी जनरल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ वियतनाम से मुलाकात कर अहम मुद्दों पर चर्चा करेगा।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दिल्ली में 21 से शुरू होगा विश्व शांति महायज्ञ

नई दिल्ली। आजादी के अमृत महोत्सव के ऐतिहासिक अवसर पर वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए भारत देश की आजादी के 75वें वर्ष और देश की संस्कृति और गौरवशाली इतिहास का उत्सव मनाने और संपूर्ण भारत तथा विश्व के कल्याण के लिए नमो सद्भावना समिति द्वारा अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में दिनांक 21 से 24 अप्रैल 2022 तक 'आद्या कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर', छतरपुर नई दिल्ली में विश्व शांति महायज्ञम-2022' का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी, आईआईएमसी के महानिदेशक संजय द्विवेदी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं भारतवर्ष के अनेक मठों के मठाधीश्वरों, पीठाधीश्वरों, तथा शंकराचार्यों एवं राजनेताओं को आमंत्रित किया गया है। नमो सद्भावना समिति द्वारा आयोजित होने वाले विश्वशांति महायज्ञ-2022 के सलाहकार निवास गजल ने इस बारे में बताया कि, इस महायज्ञ में भगवान गणपति, भगवान धनवंतरी, भगवान सूर्यनारायण, भगवान रुद्र तथा शांति माता का आह्वान करते हुए सम्पूर्ण जगत में शांति, स्थिरता एवं कल्याण हेतु प्रार्थना की जाएगी। हमारा देश प्राचीन काल से ही लोककल्याण के लिए जाना जाता रहा है, इसीलिए इसे विश्वगुरु भी कहा गया है।

लोक एवं विश्व कल्याण के लिए होने वाले इस महायज्ञ में लगभग 500 से भी अधिक वैदिक पुरोहित अगम पंडित एवं विभिन्न मठाधीशपति संपूर्ण भारत से आमंत्रित किए गए हैं एवं जो इस महायज्ञ को संपन्न कराएंगे। इसके साथ ही सनातन धर्म के विषय में सनातन कला प्रदर्शनी, सनातन कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा और भारतीय संस्कृति के गौरव को आम जन तक पहुंचाया जाएगा।

सरकार गरीबों के उपचार के लिए कर रही हर संभव प्रयास : अतुल प्रताप

मैनपुरी। बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेलों का आयोजन सोमवार से शुरू हो गया। 18 से 23 तक चलने वाले मेलों का शुभारंभ सीएचसी कुरावली पर जिला सहकारी बैंक फिरोजाबाद के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह (प्रतिनिधि, कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह) ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के उपचार के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अतुल प्रताप सिंह ने कहा कि गांव के लोगों को शहर जाने में उपचार के लिए दिक्कत होती थी। इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इनमें मरीजों को बेहतर उपचार दिया जाएगा। उन्होंने सीएमओ से कहा कि वे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर नजर रखें। बीमारों को समय से उपचार दिया जाए। सीएमओ डॉ. पीपी सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए जनता को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाएं। कोई भी व्यक्ति जो कि स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए अस्पताल आता है तो उसे चिकित्सीय सुविधायें देने के साथ-साथ शिष्ट व्यवहार करें।

गेहूं काटने गए 45 साल के युवक का मिला शव, मचा हड़कंप

रतनपुरा, मऊ। सिवान में गेहूं काटने गए व्यक्ति का शव निजी नलकूप के पाइप से धोती के सहारे लटकता हुआ मिला सूचना पर पहुंचे ग्राम वासियों ने पुलिस को सूचित किया और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। हलधरपुर थाना क्षेत्र के सेहबरपुर ग्राम पंचायत निवासी हरि गोपाल सिंह उर्फ मुन्ना सिंह 45 साल पुत्र स्वर्गीय हवलदार सिंह सोमवार की प्रातः काल लगभग 5 बजे अपने घर से हंसिया लेकर पड़ोसी ग्राम पंचायत मंढैली के सिवान में गेहूं काटने के लिए गए थे लगभग 1 घंटे बाद 6 बजे प्रातः सेहबरपुर ग्राम पंचायत निवासिनी बदरुननिशा जब सिवान में पहुंची तो उसने हरि गोपाल सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को धोती के सहारे टियूबेल के पाइप से लटकता देखकर शोर मचाया बगल में भूसा ढो रहे किसान भी दौड़े और आवाज सुनकर बड़ी संख्या में गांव के लोग भी पहुंचे। संपूर्ण क्षेत्र में खबर जंगल की आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। सूचना पर थानाध्यक्ष शत्रुंजय कुमार सिंह सदल बल मौके पर पहुंचे और धोती के सहारे पाइप से लटकते हुए शव को बाहर निकाला। कुछ ही देर बाद फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और उसने जांच की औपचारिकता पूरी की। सीओ मधुबन भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। हरि गोपाल सिंह उर्फ मुन्ना सिंह जहां गेहूं काट रहे थे मात्र मात्र कुछ ही दूरी पर लगभग 50 मीटर दूरी पर उनका नलकूप है अभी वह कुछ ही गेहूं काट पाए थे। उनका चप्पल और हंसी आ दोनों ही खेत में पढ़ा हुआ था और उनका शव ट्यूबेल के पाइप में धोती के सहारे लटकता मिला लगता है। हरि गोपाल सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की हत्या करने वाले हत्या करने के बाद उनके शव को धोती के सहारे नलकूप के पाइप से लटका दिया था ताकि इस घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। घटनास्थल पर जैसे ही पुलिस पहुंची ग्रामीण काफी आक्रोशित थे और पुलिस ने जब शव को उठाने का प्रयास किया तो मृतक के चचेरे भाई डॉ सुशील सिंह की अगुवाई में ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने से रोक दिया और कहा कि जब तक मामले का पदार्फाश होने का पूरा आश्वासन नहीं मिलेगा हम शव को उठने नहीं देंगे। ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए पुलिस भी शांत हो गई इसके कुछ ही देर बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह जो मृतक के फूफा के लड़के हैं घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने आक्रोशित ग्रामीण ग्रामीणों को समझा-बुझाकर माहौल को शांत किया तब जाकर पुलिस शव को उठा सकी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

दवा व्यापारियों की बैठक सम्पन्न

मऊ। सोमवार को हिन्दी भवन के सभागार में जनपद के दवा व्यापारियों की एक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवजी राय ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अपने संयुक्त बयान में महामंत्री प्रवीण पाण्डेय एव जिलाउपाध्यक्ष गोपालकृष्ण बरनवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार के अधिकारी प्रधानमंत्री एवं रसायन मंत्री को अंधेरे में रखकर नये कानूनों द्वारा दवा व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। शीघ्र ही मऊ के दवा व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल प्रधान मंत्री भारत सरकार एवं रसायन मंत्री भारत सरकार से मिलकर दवा व्यापार में आन लाइन दवा व्यापार के प्रभाव को रोकने हेतु ठोस कानून बनाने का निवेदन करेगा। तद्क्रम में आज पूरे देश का दवा व्यापारी आन लाइन दवा विक्री से भूखमरी के कागार पर है। शीघ्र ही देश व्यापी संघर्ष की रणनीति बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रवीण पाण्डेय, अरविन्द पाण्डेय, गणेश गुप्ता, जमील अंसारी, मनीष राय, मुकेश राय, बृजेश उमर, इशरत इकबाल लारी, तारीक अंसारी, राजेश सिंह, निर्भय पाण्डेय, रामचन्द्र चैहान, नन्दलाल यादव, सौरभ राय, आदि लोग उपस्थित रहे।

स्नातक व स्नातकोत्तर की दो पालियों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न

घोसी, मऊ। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के अधीन सत्र-2022 की स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष सहित स्नातकोत्तर प्रथम व द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षा की प्रारम्भ हो चुकी है। यह परीक्षा विश्वविद्यालय के समय सारिणी के अनुसार दो पालियों में होनी है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा प्रथम पाली की परीक्षा सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे तक 3 घण्टे की परीक्षा होनी है तो वही द्वितीय पाली में दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक परीक्षा होनी है। सोमवार को बीए तृतीय वर्ष का समाजशास्त्र प्रथम प्रश्न पत्र एवं एमए प्रथम वर्ष में प्राचीन इतिहास प्रथम प्रश्न पत्र का पेपर सकुशल सम्पन्न हुआ तो वही द्वितीय पाली में बीए द्वितीय वर्ष में समाजशास्त्र प्रथम प्रश्न पत्र तथा बीएससी द्वितीय वर्ष में भौतिक/वनस्पति प्रथम प्रश्न पत्र का पेपर एवं एमए द्वितीय वर्ष में समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, भूगोल विषय का प्रथम प्रश्न पत्र एवं एमएससी द्वितीय वर्ष में गणित व रसायन विषय का प्रथम प्रश्न पत्र सकुशल सम्पन्न हुआ। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की स्नातक की सभी कक्षाओं की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है। सोमवार की सुबह सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। बताते दे कि घोसी शिक्षा क्षेत्र के बीएसएस पीजी कालेज कोपागंज, राजन महिला पीजी कालेज हिकम गाढ़ा कोपागंज, कुमार परमार्थ बाबा गोविंद महाविद्यालय कल्यानपुर, सर्वोदय पीजी कालेज घोसी, रामलगन पीजी कालेज घोसी, डीएसएस महाविद्यालय दादनपुर अहिरौली, रामलगन महिला पीजी कालेज अमिला, रामलगन पीजी कालेज घोसी, मुक्तिनाथ पीजी कालेज, कृषक महाविद्यालय कोइरियापार, शान्ति पीजी कालेज नदवासराय सहित महाविद्यालयो में सकुशल परीक्षा सम्पन्न हुई।

800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में निकाली 8:17.28 की टाइमिंग

डेनिश ओपन: वेदांत माधवन ने जीता स्वर्ण पदक, तैराकी में रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए भारत के उदीयमान तैराक वेदांत माधवन ने कोपेनहेगन में डेनिश ओपन में पुरुषों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सोलह वर्ष के माधवन ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 8:17.28 की टाइमिंग निकाली। उन्होंने स्थानीय तैराक अलेक्जेंडर एल ब्योर्न को 0.10 सेकंड से हराया। वेदांत ने इस स्पर्धा में भले ही स्वर्ण जीत लिया हो लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर से यह काफी पीछे है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले अमेरिका के राबर्ट फिंके ने 7:41.87 का समय निकाला था। विश्व रिकॉर्ड 7:32.12 का है। मशहूर अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत ने हालांकि अपने प्रदर्शन में काफी सुधार लाया है। उनका प्रदर्शन टूर्नामेंट दर टूर्नामेंट बेहतर होता जा रहा है। इससे पहले उन्होंने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में अपना टाइमिंग दुरुस्त किया।



मशहूर अभिनेता आर माधवन के बेटे ने इससे पहले जीत है रजत पदक

100 मीटर : साजन 5वें स्थान पर

भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश पुरुषों की 100 मीटर बटरफ्लाय ए के फाइनल में 54.24 सेकंड के साथ पांचवें स्थान पर रहे। वहीं तानिश जॉर्ज मैथ्यू सी फाइनल में 56.44 के साथ शीर्ष रहे। हीट्स के शीर्ष आठ तैराक ए फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। अगले आठ बी में और उसके अगले आठ सी में उतरते हैं। महिला वर्ग में शक्ति बालाकृष्णन 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 42 तैराकों में 34वें स्थान पर रही। भारत के इस टूर्नामेंट में अब तक दो स्वर्ण और एक रजत पदक हैं।

डी गुकेश बने ला रोडा इंटरनेशनल चैंपियन

कास्टिला ला मंचा। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने 48वां ला रोडा इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है जिन्होंने नौ दौर में आठ अंक बनाए। चेन्नई के 15 वर्ष के गुकेश पूरे नौ दौर में अपराजेय रहे। उन्होंने आखिरी दौर में इस्राइल के विक्टर मिखालेवस्की को हराकर जीत दर्ज की। आर्मेनिया के हाइक एम मार्तिरोसियान 7.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। भारत के आर प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे जिन्होंने सात अंक बनाए। गुकेश ने सात बाजियां जीती और दो ड्रॉ रही। इनमें से एक ड्रॉ प्रज्ञानानंदा के खिलाफ खेला। गुकेश ने भारत के भगत कुशिन, स्पेन के अलबर्टो हर्नांडिज रामोस, डेनियल रोमेरो पालारेस और जेवियर बर्नाबू लोपेज, कोलंबिया के जॉर्ज रेंटेरिया और होंडुरास के नाहुल जी को हराया।

खास खबर

एफए कप : चेल्सी जीत से फाइनल में लिवरपूल से होगा खिताबी

लंदन। रूबेन लोफतुस-चीक और मेसन माउंट के द्वारा 11 मिनट के अंदर किए गए दो गोल से चेल्सी ने रविवार को एफए कप के सेमीफाइनल में क्रिस्टल पैलेस को 2-0 से हराकर फुटबॉल की सबसे पुरानी प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता के फाइनल में जगह पक्की की। वेम्बले स्टेडियम में 14 मई को खेले जाने वाले फाइनल में उसका सामना लिवरपूल से होगा, जिसने शनिवार को मैनचेस्टर सिटी को 3-2 से हराया था। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद रूबेन ने 65वें मिनट में चेल्सी का खाता खोला जबकि माउंट ने 76वें मिनट में टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। आठ बार की चैंपियन टीम जब फाइनल मुकाबले के लिए उतरेगी तब तक फ्रेंचाइजी को नया मालिक मिल जाएगा। रूस के रोमन अब्रामोविच पर प्रतिबंध लगने के बाद टीम के नए मालिक की खोज जारी है और इस दौड़ में तीन दावेदार शामिल है।

रियल मैड्रिड ने सेविला को 3-2 से हराया

मैड्रिड। दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में करीम बेंजेमा के गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने सेविला को 3-2 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार स्पेनिश लीग खिताब की ओर कदम रख दिया है। मैड्रिड ने पहले हाफ में चार मिनट के भीतर दो गोल गंवाए लेकिन दूसरे हाफ में वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब उसके पास 15 अंक की बढ़त हो गई है जबकि छह दौर बाकी हैं।

भगत, कदम करेंगे भारत की अगुवाई

नई दिल्ली। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी प्रमोद भगत और दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी सुकांत कदम साओ पाउलो में मंगलवार से शुरू हो रहे ब्राजील पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारतीय पैरा बैडमिंटन दल की अगुवाई करेंगे। बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय लेवल 2 की इस प्रतियोगिता का आयोजन दो साल के अंतराल के बाद हो रहा है।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात	6	5	1	10
राजस्थान	6	4	2	8
लखनऊ	6	4	2	8
बेंगलोर	6	4	2	8
हैदराबाद	6	4	2	8
कोलकाता	7	3	4	6
पंजाब	6	3	3	6
दिल्ली	5	2	3	4
चेन्नई	6	1	5	2
मुंबई	6	0	6	0

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप

जोस बटलर — 375 रन — राजस्थान रॉयल्स

यजुवेन्द्र चहल — 17 विकेट — राजस्थान रॉयल्स

खबर संक्षेप

एटीकेएमबी के सामने अबाहानी की चुनौती

कोलकाता। स्थानीय दिग्गज एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) की टीम मंगलवार को यहां एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) कप के प्लेऑफ में छह बार की बांग्लादेश प्रीमियर लीग चैंपियन अबाहानी लिमिटेड से भिड़ेंगी। इस नॉकआउट मैच की विजेता टीम विजेता 18 मई से शुरू हो रहे एएफसी कप के मुख्य दौर के ग्रुप डी में गोकुलम केरल, बसुंधरा किंग्स (बांग्लादेश) और माजिया स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन (मालदीव) से जुड़ेंगी। पिछले सत्र के एएफसी कप में अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल से बाहर होने वाले एटीकेएमबी ने इस साल प्रारंभिक चरण में श्रीलंका की टीम ब्लू स्टार एससी पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की।

श्रेयस में कप्तानी के स्वाभाविक गुण

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान के रूप अपना प्रभाव छोड़ने वाले श्रेयस अय्यर को लेकर भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री कर मानना है कि मुंबई का यह खिलाड़ी स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता है। श्रेयस को आईपीएल 2022 से पहले केकेआर का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उनकी कप्तानी में टीम ने तीन मैचों में जीत हासिल की है जबकि इतने में ही उन्हें हार का सामना भी करना पड़ा। शास्त्री का दावा है कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा श्रेयस कप्तान के तौर पर और बेहतर होते जाएंगे।

राजस्थान ने पक्का किया शीर्ष 7 में जगह

नैहाटी। राजस्थान यूनाइटेड ने सोमवार को यहां आई-लीग में श्रीनिधि डेक्कन के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ के बाद चैंपियनशिप प्ले-ऑफ में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। राजस्थान ने मैच की शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम कर लिया था लेकिन कई प्रयास के बाद भी टीम गोल करने में विफल रही।

नाइट राइडर्स को रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हराया

बटलर के दूसरे शतक और चहल के हैट्रिक विकेट से जीता रॉयल्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जोस बटलर के इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के दूसरे शतक के बाद यजुवेंद्र चहल के हैट्रिक सहित पांच विकेट से राजस्थान रॉयल्स सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को सात रन से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। रॉयल्स के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स की टीम चहल (40 रन पर पांच विकेट) की फिरकी के जादू के सामने श्रेयस (85 रन) और फिंच (58 रन) के बीच दूसरे विकेट की 107 रन की साझेदारी के बावजूद 19.4 ओवर में 210 रन पर सिमट गई।

रॉयल्स की टीम के छह मैचों में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। नाइट राइडर्स की टीम सात मैच में छह अंक के साथ सातवें स्थान पर है। बटलर ने 61 गेंद में पांच छक्कों और नौ चौकों से 103 रन की पारी खेलने के अलावा देवदत्त पडिक्कल (24) के साथ पहले विकेट के लिए 97 और कप्तान संजू सैमसन (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की जिससे रॉयल्स ने पांच विकेट पर 217 रन बनाए।

बटलर का चौथा टी20 शतक : शानदार फॉर्म में चल रहे जोस बटलर ने इस मैच में भी अपने पूरे रंग में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 59 गेंदों में अपने आईपीएल कॅरियर का तीसरा और इस सीजन दूसरा शतक पूरा किया। हालांकि शतक लगाने के बाद वह अपना विकेट गंवा बैठे। जोस ने 61 गेंदों पर 103 रन की यादगार पारी खेली। आईपीएल में बटलर का ये तीसरा और टी-20 क्रिकेट में चौथा शतक रहा।

चहल ने हैट्रिक समेत झटके 5 विकेट

- 17वें ओवर में 4 विकेट लिए और हैट्रिक भी पूरी की
- इस सीजन में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने चहल
- आईपीएल में हैट्रिक लेने वाले 21वें खिलाड़ी बने
- 5/40 आईपीएल में ये उनका सबसे बढ़िया प्रदर्शन
- आईपीएल 2022 में 6 मैचों में 17 विकेट ले चुके

श्रेयस का 18वां अर्धशतक : श्रेयस अय्यर ने लाजवाब बैटिंग करते हुए 32 गेंदों में आईपीएल कॅरियर का 18वां अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस केकेआर और आरआर की जीत में बीच खड़े हुए थे। ऐसा लग रहा था कि मानो वह मैच जिताकर ही मैदान से बाहर लोटेंगे। हालांकि ऐसा नहीं हुआ और वह 17वें ओवर चहल की गेंद पर आउट हुए। अय्यर ने शानदार पारी खेलते हुए 85 रन बनाए।

स्कोर बोर्ड

राजस्थान रॉयल्स	रन	गेंद	4	6
बटलर का चक्रवर्ती बो कमिंस	103	61	9	5
देवदत्त पडिक्कल बो नारायण	24	18	3	1
संजू सैमसन का मावी बो रसेल	38	19	3	2
शिमरोन हेटमायर नाबाद	26	13	2	2
पराग का मावी बो नारायण	05	03	1	0
नायर का कमिंस बो मावी	03	05	0	0
रविचंद्रन अश्विन नाबाद	02	02	0	0

अतिरिक्त : 16, कुल : 20 ओवर में 217/5.
गेंदबाजी : उमेश 4-0-44-0, मावी 4-0-34-1, चक्रवर्ती 2-0-30-0, कमिंस 4-0-50-1, नरायण 4-0-21-2, रसेल 2-0-29-1.

कोलकाता नाइट राइडर्स	रन	गेंद	4	6
फिंच का नायर बो कृष्णा	58	28	9	2
नारायण रन आउट	00	00	0	0
श्रेयस पगबाधा बो चहल	85	51	7	4
राणा का बटलर बो चहल	18	11	1	1
आंद्रे रसेल बो अश्विन	00	01	0	0
वेंकटेश स्ट सैमसन बो चहल	06	07	0	0
जैक्सन का कृष्णा बो मैकॉय	08	08	0	0
मावी का पराग बो चहल	00	01	0	0
कमिंस का सैमसन बो चहल	00	01	0	0
उमेश यादव बो मैकॉय	21	09	1	2
वरूण चक्रवर्ती नाबाद	01	01	0	0

अतिरिक्त : 13, कुल : 19.4 ओवर में 210/10
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-48-0, कृष्णा 4-0-43-1, मैकॉय 3.4-0-41-2, अश्विन 4-0-38-1, चहल 4-0-40-5.

महिला टी20: हरियाणा ने पंजाब को हराया

रांची। कप्तान शेफाली वर्मा के 23 गेंद में 50 रन की मदद से हरियाणा ने सीनियर महिला टी20 चैम्पियनशिप में पंजाब को तीन विकेट से हरा दिया। हरमनप्रीत ने 38 गेंद में नाबाद 64 रन बनाकर पंजाब को 20 ओवर में तीन विकेट पर 155 रन तक पहुंचाया। हरियाणा ने चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। शेफाली ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़े। वहीं सुमन गुलिया ने 25 गेंद में 31 और मानसी जोशी ने 16 गेंद में नाबाद 25 रन बनाए। राजकोट में गत चैम्पियन रेलवे ने हिमाचल प्रदेश को 64 रन से हराया।

मिशेल एंटीजन जांच में पॉजिटिव फिर आरटी-पीसीआर में नेगेटिव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श रैपिड एंटीजन परीक्षण में कोविड-19 पॉजिटिव आने के बाद अनिवार्य आरटी-पीसीआर जांच में नेगेटिव रहे हैं, जिससे दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच पर कोई खतरा नहीं है।

इस बात की भी पुष्टि की जा सकती है कि फिजियो पैट्रिक फरहार्ट को छोड़कर दल के सभी सदस्य आरटी-पीसीआर जांच में नेगेटिव आए हैं। फरहार्ट कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद पृथकवास पर हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी ने सोमवार को बताया, 'मिशेल मार्श की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव है। आरटी-पीसीआर रिपोर्ट को निर्णायक माना जाता है।

उनके अलावा अन्य सभी सदस्यों का भी आरटी-पीसीआर जांच नतीजा नेगेटिव रहा। दिल्ली और पंजाब के बीच बुधवार के मैच को अब कोई खतरा नहीं है।' इससे पहले मार्श में इस बीमारी के लक्षण दिखने के बाद और रैपिड एंटीजन टेस्ट किया गया जो पॉजिटिव आया। ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि फरहार्ट के मार्गदर्शन में उनका रिहैबिलिटेशन चल रहा था और हल्के लक्षण थे जो खतरनाक नहीं निकले।

टी20: उमरान पर होगी चयन समिति की नजरें

नई दिल्ली। भारतीय टीम को जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच और आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने है ऐसे में तेज गेंदबाजी सनसनी उमरान मलिक को राष्ट्रीय टीम में मौका मिलने की संभावना काफी अधिक है। भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ, 12, 14, 17, 20 जून को पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला खेलेगा। इसके बाद आयरलैंड के मालाहाइड में टीम को 26 जून और 28 जून को दो टी20 मैच खेलने है। आयरलैंड दौरे के समय भारत की मुख्य टीम इंग्लैंड में होगी ऐसे में इस दौरे पर नये खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। पिछले साल यूएई में हुए टी20 विश्व कप के दौरान उमरान भारतीय टीम में नेट गेंदबाज थे। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए तेज गेंदबाजों का एक बड़ा पूल बनाने के लिए उत्सुक है और अपनी तेज गति से प्रभावित करने वाले उमरान को इसमें जगह मिलने की पूरी संभावना है।

सिटसिपास बने मोंटे कार्लो चैंपियन...

मोनाको। यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास ने गैर वरीय अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-3, 7-6 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस खिताब फिर जीत लिया। कोरोना महामारी के कारण 2020 सत्र नहीं हुआ था और 2021 में दर्शकों के बिना यह टूर्नामेंट खेला गया था यानी अर्से बाद यहां दर्शकों की वापसी हुई है। दूसरे दौर में नोवाक जोकोविच को हराने वाले फोकिना का यह पहला एटीपी फाइनल था। पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल में जोकोविच से हारने वाले सिटसिपास 2018 में रफेल नडाल के बाद मोंटे कार्लो खिताब बरकरार रखने वाले पहले चैंपियन बन गए।

आईपीएल : दोनों टीमों के छह मैचों में आठ अंक

लखनऊ-आरसीबी के बीच आज वर्चस्व की लड़ाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जीत के रथ पर सवार लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर आईपीएल के मैच में मंगलवार को भिड़ेंगे तो मुकाबला केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक के बल्ले और दिनेश कार्तिक तथा ग्लेन मैक्सवेल के धुआंधार फॉर्म के बीच होगा। लखनऊ ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को और आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया है। दोनों के छह मैचों में आठ अंक है और जीत की लय को वे कायम रखना चाहेंगे।

लखनऊ के खिलाफ आरसीबी को अपने शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को दुरुस्त करना होगा।

पहले मैच के बाद से कप्तान फाफ डु प्लेसी चल नहीं सके हैं और सलामी बल्लेबाज अनुज रावत भी लगातार फॉर्म में नहीं हैं। विराट कोहली का बल्ला भी खामोश है और अच्छे फॉर्म में दिखने के बावजूद वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। मैक्सवेल के आने से बल्लेबाजी मजबूत हुई है। आस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला ने दिल्ली के खिलाफ 34 गेंद में 55 रन बनाए थे। वहीं कार्तिक अपने दम पर टीम को मैच जिताते आ रहे हैं और एक फिनिशर की भूमिका उन्होंने बखूबी निभाई है।

इस सत्र में विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक का नया ही रूप देखने को मिला है। भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे कार्तिक का बल्ला जमकर चला है जिसके दम पर आरसीबी लीग तालिका में शीर्ष चार में हैं। इंजीनियर से क्रिकेटर बने शाहबाज अहमद ने भी बल्लेबाजी में प्रभावित किया है।

लखनऊ के कप्तान फार्म में

दूसरी ओर लखनऊ के कप्तान राहुल 235 रन बना चुके हैं और बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने मुंबई के खिलाफ शतक जमाया और सर्वाधिक रनों के मामले में राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर (272) से ही पीछे हैं। डिकॉक भी अच्छे फॉर्म में हैं जबकि युवा आयुष बदोनी, दीपक हुड्डा और कृणाल पंड्या बड़ी पारियां खेल सकते हैं। जैसन होल्डर और मार्कस स्टोइनिस टीम को मजबूती देते हैं। तेज गेंदबाज आवेश खान और स्पिनर रवि बिश्नोई पर भी सभी की नजरें होंगी।

भारत की महिला सॉफ्टबॉल टीम एशियाई खेलों में करेगी पदार्पण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम वाइल्ड कार्ड मिलने के बाद हांगझोऊ में आयोजित होने वाले आगामी एशियाई खेलों में पदार्पण करेगी। भारतीय हैंडबॉल संघ ने सोमवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि सॉफ्टबॉल एशिया ने 23 फरवरी को अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान भारतीय टीम की वाइल्डकार्ड प्रविष्टि को मंजूरी दी थी।

भारतीय सॉफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने कहा, 'वाइल्ड कार्ड के जरिये एशियाई खेलों में महिला टीम का प्रवेश वास्तव में भारत में सॉफ्टबॉल के लिए एक मील का पत्थर है। हांगझोऊ खेलों से हमें महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें तैयार करने का एक अवसर मिलेगा क्योंकि सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में महिलाओं की श्रेणी शामिल है। एशियाई खेलों में प्रदर्शन करना हमारा पहला कदम है। इससे हमारी जिम्मेदारी और बढ़ेगी क्योंकि हम 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक से पहले एक मजबूत टीम बनने की इच्छा रखते हैं।'

जीरो नामांकन वाले विद्यालय के खिलाफ होगी कार्यवाही

प्रत्येक विद्यालय का नामांकन लक्ष्य निर्धारित, 23 अप्रैल को स्वास्थ्य मेला

प्रखर सेमरियावां/संतकबीरनगर। विकास खंड सेमरियावा के नोडल संकुल शिक्षकों की आवश्यक बैठक खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार गुप्त की अध्यक्षता में मंगलवार के दिन बीआरसी पर हुई ।इस बैठक में बेसिक स्कूलों में हो रहे नामांकन की समीक्षा की गई।शिक्षकों को हिदायत दी गई की प्रत्येक विद्यालय हेतु नामांकन में वृद्धि हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।इसे समय से पूर्ण कर लें। 23 अप्रैल को स्वास्थ्य मेला सीएचसी सेमरियावां पर आयोजित किया गया है।सभी शिक्षक ,शिक्षा मित्र ,अनुदेशक सेवित बस्ती में मेले का प्रचार प्रसार करें जिससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता स्वास्थ्य मेले का लाभ उठा सके।खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार गुप्त ने बैठक में कहा की नामांकन में हो वृद्धि इसके लिए सेवित बस्ती में घर घर अभिभावक से संपर्क स्थापित करें।अभी तक विद्यालय में कोई नामांकन न करने वाले /जीरो नामांकन वाले विद्यालय के खिलाफ कार्यवाही होगी।सभी शिक्षा अपना प्रयास तेज करें। खाद्यान्न अधिकार पत्र और रिजल्ट कार्ड कक्षा एक से साथ तक सभी बचो के लिए आ गया।इसे बीआरसी से प्राप्त कर बच्चों में अवश्य वितरित कर दें। बैठक में 20 अप्रैल को न्याय पंचायत सेमरियावा स्कूल चलो अभियान की तैयारी का जायजा ,विद्यालय वार नामांकन प्रगति समीक्षा, हाऊस होल्ड सर्वे कार्य प्रगति,मिशन प्रेरणा पोर्टल पर छात्र वेरिफिकेशन ,नया नामांकन ,एमडीएम, कंपजीट,स्पोर्ट्स ग्रांट आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई।इस बैठक में जफीर अली,हिमांशु पांडेय,आशीष गौतम मनोज कुमार अनिल ,रवि चंद,लक्ष्मी नारायण,मो इरफान,विनोद कुमार ,राज मुनि ,नूरूल हसन,आदि मौजूद रहे।

डीएम ने सूफी संत कबीरदास जी के परिनिर्वाण स्थली मगहर के सौन्दर्यीकरण एवं निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

प्रखर संतकबीरनगर । जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने सूफी संत कबीरदास जी के परिनिर्वाण स्थलीय मगहर के सौदर्यीकरण के दृष्टिगत चल रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कबीर स्थली मगहर में चल रहे निर्माण कार्यो में गुणवत्ता एवं कार्यो को पूर्ण कराये जाने की समय सीमा, प्रगति रिपोर्ट आदि के बारे में सम्बंधित कार्यदायी संस्था से जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा के अन्दर कराये जाने के निर्देश दिये।स्थलीय निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी नागेन्द्र सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सहित कार्यदायी संस्था के सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अनियंत्रित होकर बाइक गड्ढे गिरी, महिला की हुई मौत

प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक थाना के बजरंगनगर चौकी अंतर्गत लेवरुवा आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार से आ रही बस को देख बाइक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और गड्ढे में जा गिरी बाइक सवार महिला की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार चंपा देवी यादव पत्नी सेचन यादव उम्र 35 वर्ष अपने पुत्र के अपने रिश्तेदार के घर लालगंज जा रही थी जैसे ही लेवरुवा गांव के समीप पहुंची कि आजमगढ़ से वाराणसी की तरफ तेजी से आ रही रही बस को देख बाइक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित होकर बाइक गड्ढे में जा गिरी। बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं।अनियंत्रित बाइक देख आस पास से लोगो की भीड़ इकठ्ठा हो गई महिला को गड्ढे से बाहर निकल कर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घायल महिला को उपचार हेतु सामुदायिक केंद्र बीरीबारी भेज जांच में जुट गई महिला की हालत नाजुक देख डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया आधे रास्ते पहुंचे ही महिला की मृत्य हो गई।मौत सूचना परिजनों को मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

6 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। रविवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा कमथरी बाजार से मु0अ0सं0 53/22 धारा 363,366 भादवि0 में वांछित अभियुक्त राजू कुमार पुत्र शिवनाथ राम निवासी सरवा थाना सरायलखंसी, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा कस्बा मुहम्मदाबाद से मु0अ0सं0 178/22 धारा 419,420,467,468,471 भादवि0 में वांछित अभियुक्त रेयाज अहमद पुत्र मूमताज निवासी खेराबाद, कौशल विश्वकर्मा पुत्र दुथनाथ निवासी बनियापार, हरेन्द्र चैहान पुत्र सुभाष चैहान निवासी चालीसवां, आयशा खातुन पत्नी रहमत अली, रहमत अली पुत्र झोलई निवासीगण सैदोपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

जनता इंटर कॉलेज बरगवां कूबा का मामला पहुंचा मुख्यमंत्री पोर्टल पर

प्रखर मिजार्पुर। डीआईओएस के द्वारा प्रकरण को उलझाए रखने का मामला जनपद मिजार्पुर में तूल पकड़ता जा रहा है। जनता इंटर कॉलेज में चुनाव कराए जाने के मामले से विवाद में आए डीआईओएस कार्यालय इस मुद्दे पर चुप्पी साध लिया है। डीआईओएस कार्यालय के असहयोग रवैया से छुब्द होकर सियाराम सिंह , जनता इंटर कॉलेज बरगवां कूबा के सदस्य द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया गया है सियाराम सिंह को भरोसा है कि स्थानीय स्तर पर लीपापोती कर के मामले को दबाने वाले अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर आवश्यक कार्रवाई होगी। सियाराम सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के मुताबिक उनका आरोप है कि जनपद मिजार्पुर के डीआईओएस के द्वारा उपरोक्त जनता इंटर कॉलेज का चुनाव जानबूझकर गलत तरीके से नियमावली को ताक पर रखकर करा दिया गया है। फर्जी तरीके से कराए गए चुनाव पर आपत्ति लिखित और मौखिक रूप से दिए जाने के बाद भी जनपद मिजार्पुर के डीआईओएस ने कार्रवाई करने के बजाए अपराध को संरक्षण देने का काम किया है।

उपरोक्त विद्यालय में चुनाव कराए जाने के पूर्व ही प्रार्थी के द्वारा मतदाताओं की फर्जी सूची पर आपत्ति जाहिर की गई थी उसके बावजूद उस आपत्ति को दरकिनार करते हुए डीआईओएस के द्वारा चुनाव करा दिया गया। फर्जी मतदाता सूची पर चुनाव कराए जाने की लिखित आपत्ति दिए जाने के बाद भी सत्येंद्र कुमार सिंह के द्वारा अभी तक सूची पर आपत्ति की जांच ना करा कर फर्जी सूची को अपरोक्ष रूप से मान्यता दिए जाने का मामला गंभीर हो रहा है। मिजार्पुर डीआईओएस की जांच कराते हुए उनके द्वारा जनता इंटर कॉलेज में कराए गए चुनाव की भी जांच कराई जाए और फर्जी चुनाव कराए जाने में संलिप्त लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कराते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संपूर्ण प्रकरण पर डीआईओएस से टेलीफोन से वार्ता कर जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि जनता इंटर कॉलेज के मामले में अभी कोई प्रगति नहीं है।

मंडल लेबल पर डेहरी के चार बच्चों का दौड़ में हुआ चयन

प्रतिभावान खिलाड़ियों को एकेडमी में तरासे जाते हैं : कोच सोनू यादव

प्रखर केराकत जौनपुर। जौनपुर के सिद्दीकपुर स्टेडियम में मंडल लेबल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे जनपद के अलग अलग क्षेत्रों से आए हुए

खिलाड़ियों में प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंची के0 डी0 स्पोर्टस कराटे क्लब डेहरी के खिलाड़ियों ने दौड़ प्रतियोगिता में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की। सफलता हासिल करने वाले खिलाड़ियों में विपीन यादव डेहरी, भरत यादव सिझवारा, सचिन सरोज व आकाश राजभर बासंबारी रहे।मंडल लेबल पर चयन होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।सभी प्रतिभगियों ने सफलता का श्रेय के0 डी0 स्पोर्टस कराटे क्लब डेहरी के कोच सोनू यादव, ग्राम प्रधान व अपने माता पिता को दिया है।

प्रतिभावान खिलाड़ियों को एकेडमी में तरासे जाते है:कोच सोनू यादव– के० डी० स्पोर्ट्स कराटे क्लब के कोच सोनू यादव ने बताया की बच्चों की मेहनत, लगन व पक्के इरादो और हौसलों को देखते हुए हर कोई हैरान रह जाता है बच्चों के अंदर खेल के प्रति जुनून देखकर दंग रह जाता हुं।उन्होंने बताया की प्रतिभावान खिलाड़ीयो को एकेडमी में ही तरासे जाते है।पर अफसोस होता है कि बच्चों के खेल - कूद का संसाधन न होने के कारण बच्चों को प्रतिदिन के अभ्यास के लिए बाधा बनी रहती हैं।स्थानीय प्रशासन व खेल मंत्री गिरीश चंद यादव से मीडिया के माध्यम से आग्रह करता हुं कि खेल - कूद के बेहतरीन ग्राउंड व बच्चों के लिए खेल - कूद की आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की अपील करता हुं ताकि बच्चो के भविष्य को सुधारा जा सके।

4 एकड़ फसल जलकर राख

रतनपुरा, मऊ। हलधरपुर थाना क्षेत्र के गहना ग्राम पंचायत में एक दर्जन लोगों की खड़ी फसल अज्ञात कारणों से लगी आगजनी में जलकर स्वाहा हो गया। जिससे यह सभी किसान परेशान हाल हैं। यह घटना ऐसे वक्त में हुई है, जब फसल के काटने की तैयारी किसान परिवारों द्वारा की जा रही थी। इसके पहले ही आगजनी की भेंट चढ़ गई। बताया जाता है कि गहना ग्राम पंचायत निवासी अश्वनी सिंह, राधा मोहन सिंह, रमाशंकर, इंद्रमणि मौर्या ,चंद्रमा, सुरेंद्र, बलिराम, सुरेश, नंदू इत्यादि हैं। जिनका खेत 6 मंडे से लेकर के 8 मंडे तक था।

24 घण्टे के अंदर हत्या के मामलें में दो आरोपी गिरफ्तार

मऊ। रविवार को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान इदारतगंज से, शराब पिने को विवाद को लेकर आपसी मारपीट में हुयी मृत्यु मामलें में पंजीकृत मु0अ0सं0 177/22 धारा 304 भादवि0 में वांछित अभियुक्तगण साहबान पुत्र अनवर निवासी महरूपुर, सुद्धन चैहान पुत्र रूपा चैहान निवासी सैयदवाड़ा थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

भदोही में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले में अव्वल रहा सीएससी सुरियावां

प्रखर भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है इस अवसर पर ब्लॉक स्तरीय मेले का आयोजन प्रदेश भर में किया जा रहा है। इस अवसर पर सोमवार को ब्लॉक सुरियावां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, आयुष, युवा कल्याण केंद्र, दिव्यांग ,बाल विकास परियोजना, खाद्य रसद, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य विभागों के स्टाल लगे थे जो अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दे रहे थे। इस दौरान लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने के बाद दवा लिया। पांच सौ से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया और सैकड़ों लोगों ने जांच कराया भव्य आयोजन और मरीजों की भीड़ को देख कर के गदगद हुए सांसद रमेश बिंद ने कहा यहां पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य मेले में अच्छी भीड़ और सफल आयोजन के लिए अधीक्षक आरबी पाठक की सराहना की और केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों को जागरूक किया मुख्य चिकित्सा अधिकारी यस के चक ने कहा यहां पर व्यवस्था के साथ-साथ किसी भी कर्मचारी या व्यक्ति द्वारा किसी भी स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं मिली पूछने पर भी यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है इसके लिए अधीक्षक सहित अन्य कर्मियों की सराहना की इस अवसर पर सांसद रमेश बिंद भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ब्लॉक प्रमुख सुरियावा, अधीक्षक आरबी पाठक, डॉ विपिन कुमार यति, डॉ दीपक मिश्रा ,आलोक गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह का विधायक ने किया शुभारम्भ

मऊ। सोमवार को चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन विधायक मधुबन राम बिलास चैहान के प्रतिनिधि दिवाकर मिश्रा एवं एमएलसी देवेन्द्र सिंह के

प्रतिनिधि राशि सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर परिसर में उपस्थित समस्त लोगो को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलायी गयी एवं यातायात नियमो के प्रति जागरूक किया गया। आयोजन में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कहकशा खातून, यात्रीकर अधिकारी अरविन्द कुमार जैशल व सम्भागीय निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारी भाजपा नेता मनोज कुमार जायसवाल एवं प्रधान सहायक दयानिधि उपाध्याय, अजय सिंह व कमरूज्जमा, सूर्यनाथ यादव आदि उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित रहें।

24 घण्टे के अन्दर पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 7 अभियुक्तों को चोरी के समान के साथ किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिन मंगलवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना का सफल अनावरण किया। बताते चले कि दिनांक 18 अप्रैल 2022 को तड़वां भवानी धाम के पास बेसो नदी पर निमार्णाधीन पुल से चोरी गये लगभग 4 कुन्तल सरिया को पुलिस ने आज दिन मंगलवार 19 अप्रैल को मय पिकप की बरामदगी करते हुए अभियुक्तगण राजन राजभर पुत्र दिनेश राजभर निवासी ग्राम दिलावल पट्टी थाना बिरनों गाजीपुर, श्याम कुमार यादव पुत्र जोगेश्वर यादव निवासी काकरघाटी थाना दरभंगा जिला दरभंगा (बिहार), अखिलेश राजभर पुत्र खखनू राजभर निवासी दिलावल पट्टी थाना बिरनों

गाजीपुर, गोरख राजभर पुत्र मारकण्डेय राजभर निवासी दिलावल पट्टी थाना बिरनों गाजीपुर, नीरज उर्फ नीरी राजभर पुत्र दिनेश राजभर निवासी दिलावल पट्टी थाना बिरनों गाजीपुर, विशाल राजभर पुत्र संतोष राजभर निवासी दिलावल पट्टी थाना बिरनों गाजीपुर व विशाल राजभर पुत्र लालजी राजभर निवासी दिलावल पट्टी थाना बिरनों गाजीपुर को चोरी में उपयोग में किये गये पिकप सहित लगभग 4 कुन्तल सरिया के साथ समय 7.30 बजे हाजीपुर-आजमगढ़ बार्डर से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संदीप कुमार, उ.नि. दयाराम गौतम, का. बृजेश पाण्डेय, का. पवन कुमार, का. दीपक सिंह, का. अरविन्द यादव शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

क्षेत्राधिकारी ने की धर्म गुरुओं समेत संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानी थाना परिसर पर क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन अजय कुमार राय के नेतृत्व में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने हेतु दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं समेत संभ्रांत नागरिकों की एक आवश्यक बैठक दोपहर में बुलाई गई थी इस बैठक में क्षेत्राधिकारी ले आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अन्य राज्यों में घटित होने वाली घटनाओं के दृष्टिगत आप सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जाती है उन्होंने संबोधन में बताया कि परंपरागत त्योहारों को छोड़ किसी भी तरह का जुलूस लाउडस्पीकर समेत अन्य चीजों के इस्तेमाल के लिए इजाजत नहीं होगी अन्य किसी भी नए तरह के आयोजन से पहले पुलिस को सूचना देकर अनुमति लेना अनिवार्य होगा इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों मे इत्तेहादुल मुस्लिमीन कमेटी के सदर साकिर खान बबलू, विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री मिथिलेश कुमार पांडे उर्फ माखन गुरु, मंजूर अंसारी, सलीम अंसारी, विहिप नगर अध्यक्ष रणवीर त्रिपाठी, मुस्तफा उर्फ फेकई, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

आजादी महोत्सव कार्यक्रम 21 अप्रैल को बृजमनगंज सीएचसी पर मेले का आयोजन

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बृजमनगंज मे आजादी महोत्सव कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य मेले के आयोजन को लेकर सीएचसी अधीक्षक डा.दिवाकर राय के नेतृत्व मे बैठक का आयोजन किया गया।उक्त जानकारी देते हुए बीसीपीएम विनोद कुमार ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव स्वास्थ्य मेले का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बृजमनगंज हॉस्पिटल परिसर में दिनांक 21 अप्रैल 2022 दिन बृहस्पतिवार को सुबह 10:00 बजे फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया जाएगा । स्वास्थ्य मेले में किशोर किशोरी को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने के साथ बुखार खांसी सांस लेने में परेशानी गर्भवती महिला धात्री महिला अन्य लक्ष्य दंपत्ति महिला जिनको परिवार नियोजन संबंधित सेवा या सलाह दी जायेगी। निःशुल्क इलाज के साथ निःशुल्क दवा दिया जायेगा।आयुष्मान भारत कार्ड, जननी सुरक्षा योजना,योग प्रशिक्षण, ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता, गैर संचारी रोग की उपचार एवं जांच का ईलाज किया जायेगा। स्वास्थ्य मेले में समस्त एएनएम, आशा एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेंगे।

पति संग रहने के जिद में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव में 19 वर्षीय विवाहिता परिना ने पति द्वारा घर पर रहने की नसीहत देने से नाराज होकर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बताते हैं कि परिना को दो दिन पूर्व उसका बहनोई जबरन उसे यहाँ छोड़ कर गया था। उसका पति उस्मान व सास ससुर मुम्बई रहते है। घर पर केवल बूढ़ी दादी और दादा रहते है। मंगलवार को गुस्से में आकर घर के कमरे में नायलॉन के रस्सी के सहारे लटक कर जान दे दी। जब बूढ़ी दादी किसी काम के लिए आवाज दी और न निकलने पर वह जब कमरे की अंदर से बन्द देखी तो चिल्लाई। गांवो वालो ने जब दीवाल की ईंट हटाकर देखा तो वह लटकती दिखी। सूचना पर पहुची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर किसी तरह बाहर निकाला और शव को कब्जे में ले लिया। मृतका का मायका मुगलसराय चंदौली में है। सायं तक मायका पक्ष के लोग थाने नही पहुचे थे। 8 माह पूर्व ही शादी हुई थी। कोई संतान नही है। बताते हैं कि पति और परिवार के अन्य सदस्यों के मुम्बई होने के कारण वह गुस्से में थी ।

एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी ने केराकत में किया पैदल मार्च

प्रखर केराकत जौनपुर। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत से मंगलवार की दोपहर लगभग 12बजे उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया एवं क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ केराकत में किया गया पैदल मार्च।पैदल मार्च केराकत कोतवाली से शुरू होकर चंद्रशेखर आजाद तिराहे से होते हुए सरायबीरु, कस्बा,सिहौली पहुंच कर वापस कोतवाली आकर समाप्त हो गया।पैदल मार्च के दौरान अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी देने के साथ ही बाजार में स्थित बैंको के आस पास संदिग्ध व्यक्तियो को चेक करने के साथ मिशन शक्ति व त्योहारों के दृष्टिगत सभी से सीधे संवाद स्थापित किया गया।अचानक पुलिस के पैदल मार्च को देख कुछ समय के लिए दुकानदार समेत राहगीरों में हड़कंप मच गया।

वकीलों ने उठाई तहसीलदार और लेखपाल के तबादले की मांग

आजमगढ़। मेंहनगर तहसील अधिवक्ता संघ ने लालगंज तहसील में लेखपाल द्वारा अधिवक्ता मंतराम की पिटाई और एफआइआर दर्ज कराने पर नाराजगी जताई है। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में बैठक करने के बाद संघ अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी मेंहनगर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। अधिवक्ताओं ने घटना की निष्पक्ष जांच कराने, घटना में शामिल लेखपाल और तहसीलदार को स्थानांतरित करने और लेखपाल की ओर से दर्ज एफआइआर को निरस्त करने की मांग उठाई। कहा कि निष्पक्ष जांच न होने की दशा में अधिवक्ता संघ लालगंज द्वारा संघर्ष के लिए जो भी निर्णय लिया जाएगा उसका मेंहनगर तहसील संघ समर्थन करता रहेगा।

क्रेशर प्लांट से निकलने वाले धूल गर्दा से आक्रोशित ग्रामीणों ने क्रेशर प्लांटो पर बोला धावा बंद कराया प्लांट

क्रेशर प्लांट मालिकों ने थाने में तहरीर देकर लगाया लूट व मारपीट का आरोप

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के भगौती देई गांव के चारों तरफ चल रहे क्रेशर प्लांटों से निकलने वाले धूल एवं गरदा से ग्रामीण इन दिनों काफी परेशान हो गए हैं । स्थिति यह है कि घरों में धूल की मोटी परत जम जा रही है इसी धूल गर्दे से आजिज बियाहुर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार को सुबह भगौती देई पहाड़ के किनारे चलने वाले कई क्रेशर प्लांटों पर धावा बोलकर प्लांट संचालन नियमानुसार करने की मांग किया तो प्लांट पर बैठे दबंग किस्म के व्यक्ति ग्रामीणों से मारपीट पर उतारू हो गए इस पर ग्रामीण भी आक्रोश में आ गए और प्लांटों को जबरदस्ती बंद करना चाहा बाद में थाने पहुंचे प्लांट मालिकों ने ग्रामीणों पर तोड़फोड़ व लूट का तहरीर देकर उल्टा आरोप मढ दिए । बता दें की स्थानीय थाना क्षेत्र में लगभग पांच दर्जन से अधिक क्रेशर प्लांटों का संचालन बिना मानकों के किया जा रहा है । इन क्रेशर प्लांटो से उड़ने वाली धूल एवं गरदे से दर्जनों गांव के ग्रामीण परेशान हैं और उनका जीवन दूभर हो गया है । यही नहीं खेती-बाड़ी पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है ।जिससे आजिज आ चुके ग्रामीण दर्जनों बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर प्लांटों को बंद करने या मानक के अनुसार प्लांट चलाने की मांग कर चुके हैं । लेकिन पुलिस प्रशासन सहित प्रशासनिक विभागों पर जूं नहीं रेंग रहा है । जिससे आक्रोशित ग्रामीण खुद सड़क पर उतरने एवं कानून को हाथ में लेने के लिए मजबूर हो गए । कुछ इसी तरह की घटना मंगलवार की सुबह हुई धूल गर्दे से आजिज बियाहुर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने भगौती देई पहाड़ पर चलने वाले क्रेशर प्लांटो पर पहुंच गए और प्लांटों को बंद करना चाहा तो प्लांटों पर मौजूद मुंशी मैनेजर जो किसी दबंग गुंडे से कम नहीं है वह ग्रामीणों से उलझ गए और मारपीट करना चाहा । बाद में ग्रामीणों को वापस लौट जाना पड़ा । वहीं थाने पहुंचे क्रेशर संचालकों ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर कई प्लांटों पर तोड़फोड़ किए जाने एवं लूट किए जाने का आरोप लगाने के साथ ही यह भी आरोप लगाया है कि प्लांटों पर रहने वाले कर्मचारियों को ग्रामीणों ने मारपीट कर घायल भी कर दिया है । वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है । बता दें कि भगौती देई की पहाड़ियों पर चलने वाले लगभग दो दर्जन क्रेशर प्लांटों से भगौती देई ,सोनपुर , बियाहुर , लालपुर ,अहीरुपुर , एकली के हजारों ग्रामीण परेशान है । धूल गर्दे से इन का जीना दूभर हो गया है । अहरौरा जमुई मार्ग पर रोशनहर से लेकर जमुई तक धूल गर्दे का बोलबाला है । जिसको उच्च अधिकारी अपनी आंखों से कई बार देख चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान निकालने में वह भी असफल हो रहे हैं । वही दबंग क्रेशर संचालक अपने मकसद में कामयाब होकर ग्रामीणों को अंगूठा दिखाते हुए मानकों की अवहेलना कर रहे ।

ग्रामीणों का पुलिस प्रशासन भी नहीं देता साथ- धूल गर्दे से परेशान क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण कई बार अपनी आवाज उठा चुके हैं यहां तक कि धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं लेकिन उनके आंदोलन को कभी जबरदस्ती तो कभी प्रेम से दबा दिया जाता है । जिससे ग्रामीण परेशान हैं और दहशत में है और पुलिस प्रशासन भी उनका साथ नहीं देता अब ग्रामीण किससे अपनी गुहार लगाएं यह उनकी समझ के परे है वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वह मुख्यमंत्री पोर्टल सहित उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर धूल गर्दे से राहत दिलाने की गुहार कई बार लगा चुके हैं लेकिन जांच के नाम पर हर बार लीपापोती कर उनके मामलों को दबा दिया जाता है । इस संबंध में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन अजय कुमार राय का कहना है कि क्रेशर मालिक की तरफ से हमें तहरीर मिली है हम मामले की जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे ।

पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न धर्मो के धर्मगुरुओं के साथ की शांति समिति की मीटिंग

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह द्वारा आगामी त्योंहारों के दृष्टिगत पुलिस लाइन गाजीपुर में विभिन्न धर्मो के धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की मीटिंग की गई। सभी धर्म गुरुओं से आगामी त्योहारों को शांति, सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा अपील की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह बताया गया कि त्योहारों पर पुलिस फोर्स पर्याप्त मात्रा में मौजूद रहेगी। सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली को किया रवाना

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर संसाधन केंद्र के प्रांगण से नगर क्षेत्र के समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालयों के समस्त बच्चे, विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों द्वारा आज दिन मंगलवार को आयोजित स्कूल चलो अभियान रैली को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मिश्रबाजार व महुआबाग होते हुए पुनः यू आर सी पर आकर समाप्त हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव द्वारा अधिक से अधिक नामांकन करने, हाउसहोल्ड सर्वे करने एवं चौपाल लगाकर वृहद स्तर पर लोगों में जागरूकता पैदा करने हेतु प्रत्येक दिन अध्यापकों को मजरे में भ्रमण करने का निर्देश दिया

और यह संकल्प भी दिलाया कि आप सभी अधिक से अधिक नामांकन अपने विद्यालय में करेंगे। इस दौरान हेमंत राव द्वारा बच्चों का नामांकन भी किया गया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक अश्वनी राय, जिला स्काउट शिक्षक श्रीकांत, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागीता अमित राय, समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक अनुपम गुप्ता, पीयूष कुमार श्रीवास्तव, अदनान अहमद, प्रदीप कुमार पांडे, हिमांशु अग्रवाल, रितेश सिंह, मनोज कुमार सिंह, नगर क्षेत्र की महिला ए आर पी शीला सिंह व सरोज भारती उपस्थित थे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा सभी अध्यापकों से अपील किया गया कि वे ज्यादा से ज्यादा नामांकन करें।

अपहरण के मामले में नप गए चौकी इंचार्ज पुलिस अधीक्षक की बड़ी कार्रवाई

प्रखर चंदौली। जिले के बलुआ थाना क्षेत्र में मारूफ पूर चौकी प्रभारी को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने निलंबित करते हुए जिले में 1 बड़ी कार्रवाई की है चौकी इंचार्ज ने अपने इलाके में अपहरण के मामले में लापरवाही बरतने के साथ साथ उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी भी नहीं दी है इसीलिए चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बोला कि लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी जानकारी न देने के कारण उन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा निलंबित किया गया आपको बता दें कि संत कबीरनगर में तैनात महिला आरक्षी के पिता के अपहरण के मामले में गाजीपुर पुलिस द्वारा मारूफ पुरचौकी प्रभारी को सूचना दी गई थी तथा चंदौली की तरफ भागने की जानकारी

मिलने के बाद भी मारूफ पूर चौकी प्रभारी शिव मणि त्रिपाठी द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को इस मामले की कोई जानकारी नहीं दी गई न ही इस पे किसी प्रकार की कार्यवाही की गई जैसे ही मामले में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल को लापरवाही की जानकारी हुई तो मारूफ पूर चौकी प्रभारी सीओ मणि त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया साथ ही कहा कि ऐसे लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी वहीं इस सम्बन्ध में सकलडीहा सीओ अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि बलुआ थाना क्षेत्र के मारूफ पूर चौकी प्रभारी को अपहरण के बारे में जानकारी होने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही न करने तथा उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी न देने के कारण उन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा निलंबित किया गया है पूरे मामले की जांच की जा रही है।

खेलो इंडिया 2022 में जनपद के दो छात्रा और एक छात्र वेटलिफ्टर्स का हुआ चयन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम जो कर्नाटक बैगलोर में 23 अप्रैल से 3 मई 2022 तक आयोजित की गई है, इस प्रतियोगिता में स्वमी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो छात्रा और एक छात्र वेटलिफ्टर्स का चयन होने से महाविद्यालय के सभी अध्यापक, कर्मचारी गण और महाविद्यालय के छात्रों में खुशी की लहर है। प्राचार्य डॉ. वी.के. राय ने बताया कि खेलो इंडिया में उन्ही खिलाड़ियों को जाने का मौका मिलता है जो खिलाड़ी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बेस्ट आफ 6 पोजीशन में रहते हैं। खेल प्रशिक्षक संजय कुमार राय के कठिन मेहनत का परिणाम है कि एक ही महाविद्यालय से तीन वेटलिफ्टर्स का चयन इस खेल के लिए हुआ है। कल्पना यादव बीए प्रथम वर्ष, श्वेता पुंडीर एमए प्रथम वर्ष, आकाश बीए प्रथम वर्ष के छात्र है। बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने खेलो इंडिया 2022 के लिए स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रो. वी.के. राय को टीम मैनेजर नियुक्त किया है। खेल प्रशिक्षक संजय राय ने बताया कि

टीम 21 अप्रैल को विश्वविद्यालय से रवाना होगी। इस उपलब्धि के लिए प्रबन्ध समित के संयुक्त सचिव डॉ. शशिकांत राय, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राम नगीना यादव, प्रो. अवधेश नारायण राय, प्रो. अजय राय, डॉ. कृष्णानंद चतुवेर्दी, डॉ. विलोक सिंह और शारिरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष रामधारी राम ने खिलाड़ियों के जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

फूलपुर व सिंधोरा में पीस कमेटी की हुई बैठक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। ग्रामीण के थाना फूलपुर व सिंधोरा में मंगलवार को सायंकाल में ईद के त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने व बिना किसी आदेश से जुलूस या भीड़ एकत्र नही करने का निर्देश दिया गया। वही किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नही देने और अराजक और बाहरी तत्वों के बारे में सुचना देने की अपील की गई। फूलपुर में इंस्पेक्टर मुन्नाराम व सिंधोरा में इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पिंडरा, फूलपुर, थाना, कठिराव, ताड़ी, सिंधोरा, काशीपुर, जाठी, हिरावनपुर के ईदगाह से जुड़े कमेटी के लोग और प्रबुद्ध वर्ग से जुड़े दर्जनो गणमान्य लोग और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

घाटो पर खुलेआम बिक रहे नशे के पदार्थो पर ठोस कार्यवाही करने के लिए वस्त्र दान फाऊडेशन टीम ने प्रधानमंत्री कार्यालय में सौंपा ज्ञापन पत्र

प्रखर वाराणसी। वस्त्र दान फाऊडेशन टीम द्वारा निरंतर काशी को नशा मुक्त करने के लिये हर सम्भव प्रयास कर रही है` इसी के भाति शुक्रवार को संस्था ने वाराणसी जिलाअधिकारी श्री कौशल राज शर्मा जी से मुलाकात कर अपनी बाते उनके समकक्ष रख व उन्हे ज्ञापन पत्र सौंपा । संस्था के संस्थापक सुधांशु सिंह का कहना है कि देश मे लगभग 37 प्रतिशत आबादी नशे की चपेट में है। जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण कि बात हैं, हमसब मिलकर ही सामाजिक चेतना के द्वारा इस बुराई को जड़ से खत्म कर सकते हैं, हमें सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे की दलदल में फंसने से रोकना होगा। इसके लिए पूरे समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। युवाओं को

युवा की तरह सोचना होगा कि जिस बुराई को वह खरीद रहे हैं कहीं उसका प्रभाव उनके स्वास्थ्य, परिवार व समाज पर तो नहीं पड़ रहा है। यदि कोई परिवार नशे से बर्बाद होगा तो उसका प्रभाव समाज पर भी पड़ेगा। जब समाज ही नहीं रहेगा, तो देश भी बिखरता चला जाएगा। देश के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए लोगों को नशे के जाल से निकालना होगा। इसके लिए हमें लोगों को जागरूक करना होगा। यदि हम मिलकर प्रयास करें, तो निश्चित ही हम अपने समाज और देश को नशा मुक्त कर सकते हैं। और

घाटो पर खुले आम बिक रहे नशे के पदार्थो पर तत्काल कार्यवाही कि जाये क्युकि खुले आम घाटो पर लोग नशे कर रहे है जो कि सामाज में गलत संकेत जा रहा हैं और जिससे सामाज में छोटे - छोटे बच्चे नशे के शिकार होते जा रहे हैं , काशी नगरी पौराणिक नगरी है। इसे संसार के सबसे पुरानी नगरों में माना जाता है। भारत की यह जगत्प्रसिद्ध प्राचीन नगरी गंगा के वाम (उत्तर) तट पर उत्तर प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी कोने में वरुणा और असी नदियों के गंगासंगमों के बीच बसी हुई है। और यहा नशा करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण कि बात है।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चरगांवा, जंगल कौडिया सरदारनगर और कौडीराम में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

प्रखर गोरखपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चरगांवा, जंगल कौडिया, सरदारनगर और कौडीराम में स्वास्थ्य मेले का आयोजन सोमवार को किया गया। इन मेलों में कुल 7254 मरीज देखे गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि एसीएमओ आरसीएच डॉक्टर नंद कुमार, डॉक्टर एके चौधरी समेत संबंधित क्षेत्रीय एसीएमओ ने मेले का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया। चरगांवा पीएचसी से संबंधित मेले का शुभारम्भ पिपराईच विधायक महेंद्र पाल सिंह व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना ने किया। इस मौके पर सीएमओ स्वयं मौजूद रहे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धनंजय कुशवाहा और एचईओ मनोज कुमार की देखरेख में 1403 मरीज देखे गये। सीएमओ जंगल कौडिया में आयोजित मेले में भी पहुंचे जहां शुभारंभ कार्यक्रम ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव द्वारा हुआ और कुल 1234 मरीज देखे गये।

सरदारनगर में चेयरमैन जेपी गुप्ता ने मेले का उद्घाटन किया जहां कुल 2803 मरीज देखे गये। कौडीराम में ब्लाक प्रमुख नीता सिंह ने मेले का उद्घाटन किया और वहां 1814 मरीज देखे गये। रिपोर्टिंग व समन्वय की जिम्मेदारी जिला स्तर से डीसीपीएम रिपुंजय पांडेय ने निभायी।

सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि स्वास्थ्य मेला के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की ओर से चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। मेले में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख, कान, नाक एवं गले की जांच की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा आयोजन में दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया और आंखों की जांच सुविधा उपलब्ध है। धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से बुरे प्रभाव की जांच, कैंसर नियंत्रण जागरूकता समेत अन्य विभागों के इलाज संबंधी सेवाएं भी मिल रही हैं। सीएमओ ने बताया कि सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने और उससे लाभान्वित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की रोकथाम आदि प्रमुख हैं। अभी यहां लगेंगे मेले उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को भटहट, ब्रह्मपुर, सहजनवां में, 20 को कैंपियरगंज, बांसगांव व गगहा में, 21 को पिपराईच, बेलघाट व पाली में, 22 को खोराबार, डेरवा व पिपरौली में तथा 23 अप्रैल को गोला, उरूवा व खजनी ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्रों पर मेला का आयोजन होगा। मेले में स्वास्थ्य विभाग, सहायक आयुक्त खाद्य, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, आयुष, शिक्षा, सूचना एवं प्रसार, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, दिव्यांग विभाग और आयुष्मान भारत योजना के स्टाल लगाए जा रहे हैं।

नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

प्रखर मिजार्पुर। नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल मंगलवार की दोपहर लालडिग्गी स्थित आशीर्वाद लॉन पहुँचे। जहां भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सामाजिक समरसता के अन्तर्गत आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकताओं को सम्मानित एवं पोषण अभियान का कार्यक्रम रखा गया था।नपाध्यक्ष ने बतौर विशिष्ट अतिथि इस कार्यक्रम में शिरकत कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्याम प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।बता दे भाजपा के स्थापना दिवस और अंबेडकर जयंती को लेकर छह अप्रैल से 20 अप्रैल तक सामाजिक समरसता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।भाजपा पूरे देश मे विभिन्न कार्यक्रमों कर माध्यम से सामाजिक समरसता मना रही है।इसी क्रम में महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे नपाध्यक्ष ने आंगनबाडी और आशा कार्यकताओं को सम्मानित किया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि कोरोना वारियर्स आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।उत्तर-प्रदेश में वृहद टीकाकरण अभियान की इस उपलब्धि को प्राप्त करने में आंगनबाड़ी, आशाओं का अथक

परिश्रम और योगदान है और ये महिलाएं महिला सशक्तीकरण की प्रतीक भी है।इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आभा सिंह पटेल, महामंत्री प्रत्याशी टंडन, उपाध्यक्ष उमा जायसवाल, श्वेता गुप्ता, सूर्या दुबे, मीडिया प्रभारी सुनीता शर्मा, मंडल अध्यक्ष साधना गुप्ता, मंडल महामंत्री रिचा, आदि लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

अमित उपाध्याय का चयन रेफरी के रूप में हुआ

प्रखर वाराणसी। बंगलौर के जैन यूनिवर्सिटी में 30 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 में कराते प्रतियोगिता के लिए वाराणसी ,उत्तर प्रदेश के अमित उपाध्याय का चयन रेफरी के रूप में हुआ है,अमित उपाध्याय कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया से रेफरी "अ" होने के साथ ही ऐशियन कराते फेडरेशन के काता और कुमिते जज भी है। शीहान अमित उपाध्याय के खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 में कराते रेफरी चुने जाने पर शहर के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है ,इसके साथ ही वाराणसी के गणमान्य जनों श्री सचिन मिश्रा,श्री शशि प्रकाश सिंह,श्री सुधीर मिश्रा, प्रो शशिरेखा,डॉ प्रज्ञा मिश्रा , श्री अनूप उपाध्याय,ने इस उपलब्धि पर अमित उपाध्याय को बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

मीरापुर बसही चौराहे पर जल लीकेज के कारण सड़क हुआ जलमग्न राहगीरों संग दुकानदार हुए परेशान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मीरापुर बसही उद्योग व्यापार मंडल समिति के अध्यक्ष मृत्युंजय सोनकर ने बताया की मीरापुर बसही व्यापार मंडल क्षेत्र के मीरापुर बसही चौराहे पर सोमवार सुबह से जल लीकेज की समस्या बनी हुई है दोपहर बाद करीब 3:00 बजे से जैसे ही पानी की सप्लाई चालू हुआ पूरा सड़क जलमग्न नदी मय हो गया जिससे व्यापारियों को जहां व्यापार करने में कठिनाई हुई वहीं आम जनमानस को जलपूर्ति के अभाव में भी पानी के लिये जूझना पड़ा वहीं स्थानीय लोगो के संग मीरापुर बसहीं व्यापार मण्डल ने इसकी सूचना जलकल के जेई नीरज , नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त , जलकल सचिव को व्हाट्सएप के माध्यम से दिया तथा अविलम्ब कार्य कराने को कहा जिसके बाद जेई नीरज से वार्ता भी हुई लेकिन कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हो पायी है और समस्या जस की तस बनी हुई हैबताते चले की स्थानीय लोगो का कहना है की इस क्षेत्र में आये दिन सड़क पर गढ्ढा होना पेयजल की समस्या इत्यादि मामले सुनने व देखने को मिलता रहता है शासन प्रशासन से जनता और व्यापार मण्डल के द्वारा कई बार शिकायत करने पर भी कोई हल नहीं हो पाता है।

एआरटीओ और यातायात प्रभारी द्वारा बस मालिकों, चालकों व कंडोक्टरो को सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए दिलाई शपथ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर में यातायात सप्ताह का शुरूवात सोमवार से किया जा चुका है, जिसमे यातायात पुलिस द्वारा आम जनमानस को यातायात के नियमो के बारे में जागरूक करने के साथ ही कड़ाई से इसका पालन भी कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिन मंगलवार को यातायात पुलिस और एआरटीओ विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही यातायात के नियम को पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान लंका बस स्टैंड के पास सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत एआरटीओ रामसिंह, यातायात प्रभारी सुशील मिश्र के नेतृत्व में यातायात नियमों के बारे में सभी बस चालकों को बताया गया। वही एआरटीओ राम सिंह और यातायात प्रभारी द्वारा सभी बस मालिकों और बस चालकों के साथ कंडोक्टरो को सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए शपथ दिलाई गई।

टोल प्लाजा समस्या को लेकर एनजीओ के डायरेक्टर ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

प्रखर अहरौरा (मिजार्पुर)। साथ इंडिया फाउंडेशन के डायरेक्टर एसके श्याम ने अहरौरा वनस्थली महाविद्यालय के पास बने टोल प्लाजा के विरुद्ध, नितिन गडकरी (केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग भारत सरकार) को भेजा एक लेटर। साथ इंडिया फाउंडेशन (एनजीओ) के डायरेक्टर एसके श्याम ने बताया कि इस नए टोल टैक्स से स्थानीय निवासी, छोटे व्यापारी व किसानों का भारी नुकसान होगा और अहरौरा क्षेत्र में स्थित पर्यटन स्थल और बने वाटर पार्क में पिकनिक मनाने गए तो स्थानीय निवासी को टोल टैक्स देकर जाना पड़ता हैं। वाराणसी शक्तिनगर (सोनभद्र) राजमार्ग एन एच-5 पर स्थित नए टोल टैक्स के कारण स्थानीय निवासी, छोटे व्यापारी व किसानों की समस्या को देखते हुए नितिन गडकरी (केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग भारत सरकार, नई दिल्ली) को एक लेटर लिखा गया। लेटर में यह भी लिखा गया है कि टोल टैक्स के आस पास 20-25 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले नगरीकरण, छोटे कारोबारी व किसानों के लिए फ्री टोल पास की व्यवस्था कर दी जाए ताकि लोगों को राहत मिल सकें।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं